हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 20 जुलाई 2025
भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर



## खबर संक्षेप



### पाटन में हुए नसबंदी के सफल ऑपरेशन

**सेलूद।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन में तथा डॉ बी कठौतिया बीएमओ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन निर्देशन में जनसंख्या स्थिरिकरण पखवाड़ा के अंतर्गत 18 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन में डॉ दीपक कश्यप ने 7 पुरूषों और 5 महिलाओ का सफलतापूर्वक नसबंदी ऑपरेशन किया। सहयोगी स्टाफ प्रभारी नर्सिंग सिस्टर अनीता भारद्वाज, रूप सिन्हा अपूर्वा गीतांजलि गिरवर, जितेंद्र कुमार निर्मलकर, लालमणि डहरे और रमेश सोनवानी ने सहयोग दिया तथा खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी बी एल वर्मा चंद्रकांता साहू बीपीएम पूनम साहू , सुपरवाइजर के के वर्मा, एल पी वर्मा, आर के बंजारे ,उतम मधुकर, जे आर मार्कण्डेय, आर एस शांडिल्य , अंटेश्वर साहू, चितरंजन सोनकर, बिष्णु देवांगन और ललित साहू ने पुरुष हितग्राहियों को प्रेरित कर सहयोग प्रदान किया।

### सेक्टर-7 में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आज

**भिलाई।** भिलाई बंगाली समाज द्वारा 20 जुलाई को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन सेक्टर 7 बीएसपी प्राइमरी स्कूल में सुबह 11 बजे से आयोजित की गई है। शिविर में शहर के चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए दवाओं का वितरण किया जाएगा। ज्ञात हो कि भिलाई बंगाली समाज द्वारा विगत 20 वर्षों से सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है।

### 34 लाख की लागत से बनेगा कांफ्रेंस हाल



**उतई।** नगर पंचायत उतई अंतर्गत वार्ड क्रमांक 07 स्थित नगर पंचायत कार्यालय की छत में प्रस्तावित कांफ्रेंस हाल के लिए भूमिपूजन हुआ। 34 लाख की लागत से यह निर्माण होगा। इस दौरान जिसमें प्रमुख रूप से नप अध्यक्ष सरस्वती साहू, उपाध्यक्ष शिव नारायण देशमुख, नेता प्रतिपक्ष द्वारिका साहू लोक निर्माण विभाग प्रभारी सोनू राजपूत, पार्षद लक्ष्मीनारायण साहू, भीमसेन सिन्हा, अनिता गढ़े, लता सोनवानी, सुनीता चंद्राकर, विजय लक्ष्मी साहू, अंकालू राम साहू, एन एल चौधरी, विनोद ध्रुव डीकेश साहू, रवि पटेल, हेमन साहू, कौशल साहू, एल.एन. चेलक आदि कर्मचारी गण एवं ठेकेदार बबलू उपाध्याय उपस्थित थे।

## निधन

### दामोदर बागड़े



**दुर्ग।** विद्युत नगर निवासी दामोदर बागड़े 92 वर्ष का शुक्रवार 18 जुलाई को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 20 जुलाई को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान विद्युत नगर से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए निकाली जायेगी। वे संगीता बागडे के ससुर और पुत्र मिलिंद बागडे के पिता थे।

### सोनमति मौर्या



**भिलाई।** गुरुनानक नगर निवासी सोनमति मौर्य 85 वर्ष का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा गुरुनानक नगर स्थित निवास स्थान से 20 जुलाई को 12 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। वे वार्ड 19 के पार्षद, जोन-2 एवं मौर्य कुशवाहा समाज के अध्यक्ष रामानंद मौर्या तथा रामानुज मौर्या की माता थीं।

# राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित हुए नपं अध्यक्ष भाले

हरिभूमि न्यूज ⏭पाटन

पाटन नगर पंचायत ने 20 हजार से कम की आबादी वाली श्रेणी में देशभर में द्वितीय स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम राष्ट्रीय पटल पर रोशन किया। इस उपलब्धि पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव, नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमन्त वर्मा को प्रतीक चिह्न प्रदान कर बधाई दी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन लाल साहू भी मंच पर मंचासिन थे। पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने कहा कि यह सम्मान समस्त पाटनवासियों की जागरूकता, सहयोग और स्वच्छता के प्रति हमारी सतत प्रतिबद्धता का परिणाम है। यह पुरस्कार प्रत्येक सफाई मंत्री, कर्मचारी और अधिकारी की मेहनत का सजीव प्रमाण है।




इस सम्मान के लिए योगेश भाले ने सभी नगरवासियों को बधाई दी। इस दौरान नगर पंचायत पाटन के प्रतिनिधि मंडल उपाध्यक्ष निशा योगेश सोनी, सभापति केवल देवांगन, सभापति नेहा बाबा वर्मा, इंजीनियर अर्जुन नर्मिल, कर्मचारी जलज पाण्डेय, टोकेश्वर एवं सफाई कर्मी सुलोचना मण्डलेश प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# नपा परिषद जामुल की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में नगर पालिका परिषद जामुल को देश में 80वां रैंक मिला है। कचरा मुक्त शहरो की जारी सूची में थ्री स्टार रैंकिग एवं ओडीएफ़. का दर्जा प्राप्त हुआ है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बख्शी ने बताया की उसके पूर्व 2023-24 में जामुल स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 20000 से 50000 जनसंख्या वाले शहरो की सूची में 184 रैंकिग मे था। जो कि कॉफी ऊंची छलांग लगाते हुए 80वां पायदान पर पहुंचा है। जो कि नगर पालिका जामुल के लिये हर्ष की बात है। साथ ही जामुल को ओडीएफ़.का दर्जा मिला है। सीएमओ बख्शी ने अपने स्वच्छता कर्मियों एवं स्वच्छता दीदीयों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आप लोग और कडी मेहनत करे जैसे डोर टू डोर कलेक्शन, मणिकंचन केन्द्रो में सेग्रीगेशन जैसे कार्यो पर विशेष ध्यान देवे।




जिससे हमारे जामुल पालिका की विशेष पहचान बनें। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने सभी सफाई कर्मियों का उत्साह बढाते हुए कहा कि आप लोगो की मेहनत का नतीजा है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में जामुल पालिका और उच्च स्थान पर पहुंचे जिससे कि जामुल की पहचान एक स्वच्छ एवं आदर्श नगर की पहचान बनेगी।

## बदहाली : नगर पालिका होने के बाद भी ग्राम पंचायत जैसी है सूरत

# अमलेश्वर में मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे लोग, कार्य योजना ठंडे बस्ते में जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭पाटन

दुर्ग जिला अंतर्गत नगर पालिका परिषद अमलेश्वर राजधानी रायपुर से लगा हुआ है। यहां विकास के नाम से एक भी ईट नहीं रखी गई है। मूलभूत सुविधाओं के अभाव में अमलेश्वर की जनता जीवन यापन कर रही है। व्यापारिक दृष्टिकोण से नगर बहुत ज्यादा विकास की ओर अग्रसर है बड़े-बड़े कॉलोनी नगर में बनाई गई है कई कॉलोनी अवैध है तो कई वैध है। राजधानी से लगे होने के कारण बड़े-बड़े बिल्डर जबरदस्त एक रोड मैप तैयार कर नगर को एक नई पहचान देने के लिए अग्रसर है।

नगर पालिका अमलेश्वर का गठन 21 जनवरी 2022 को अधिसूचना जारी कर किया गया। पहले नगर पंचायत का गठन फिर 3 माह बाद सीधा पालिका गठन राज्य शासन ने कर दिया। जिसमें अमलेश्वर डीह सहित मगरघटा, भोथली , खुडमुड़ा ग्राम को शामिल किया गया। तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के शासनकाल में गठित नगर पालिका अमलेश्वर में संचालन समिति का गठन किया गया 16 जनवरी 2023 को संचालन समिति का शपथ ग्रहण समारोह कर पालिका को विकास की ओर एक नई दिशा देने की कोशिश की गई। शपथ ग्रहण समारोह में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आगमन हुआ और लगभग 20 वर्ष कि आगामी कार्य योजना को लेकर के करोड रुपए के विकास कार्य की घोषणा भी की गई। लेकिन जैसे ही प्रदेश में कांग्रेस के सरकार गई सत्ता परिवर्तन हुआ फिर नगर पालिका अमलेश्वर का विकास एक ठंडा बस्ता में जाकर जमा हो गया जो आज तक नहीं खुला।




### आवेदन की खानापूर्ति जारी

नगर पालिका के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि नगर पालिका मुख्य कार्य पालन अधिकारी के नाम सिर्फ और सिर्फ आवेदन प्रतिवेदन सौंपते हैं रोड नाली की सहित मूल भूत सुविधाओं के लिए लगातार आवाज उठाई जा रही है, लेकिन कहीं पर भी किसी भी प्रकार की कोई सुविधा नगर वासियों को नहीं मिल पा रही है। पिछले वर्ष के आंकड़े के हिसाब से कई कॉलोनी नगर में अवैध बताई जा रही है। जिस पर भी कोई कार्यवाही नगर पालिका प्रशासन के द्वारा नहीं किया। नगर पालिका में विकास को लेकर के सत्ता पक्ष के पार्षद और विपक्ष के पार्षद एक साथ तो खड़े हुए नजर आते हैं। लेकिन विकास की ओर कोई सकारात्मक पहल नजर नहीं आ रही है।

### जनता की नजरों से ओझल है विकास कार्य

आपको बता दें सत्ता परिवर्तन के बाद संचालन समिति को भंग को कर दिया गया। मार्च 2024 में प्रशासक के रूप में एसडीएम पाटन ने अमलेश्वर नगर का बागडोर संभाली फिर नगर पालिका अमलेश्वर का विकास प्रशासन के हाथों में चली गई। उसके बाद भी नगर पालिका अमलेश्वर की जनता को कहीं कुछ विकास कार्य नहीं दिखा। अंततः 2025 में नगर पालिका परिषद का प्रथम बार चुनाव हुआ प्रथम बार के चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने वादे किए और आज भाजपा की सरकार नगर पालिका में बन गई बनने के बाद दो बार सामान्य सभा की बैठक हो गई लेकिन एक भी विकास कार्य ट्रिपल इंजन की सरकार में नगर पालिका परिषद अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नहीं हुआ। ग्राम पंचायत से बत्तर स्थिति नगर पालिका की हो गई है।

### सौंदर्यीकरण की राह तक रहे लोग

नगर पालिका अमलेश्वर में एक सर्वसुविधा योग्यता पालिका भवन की भी आवश्यकता देखी जा रही है,ना ही एक सर्व सुविधा युक्त अस्पताल है नहीं सर्व सुविधा युक्त सुलभ शौचालय है ना ही सर्वसुदा युक्त एक मांगलिक भवन है। और नहीं आज तक किसी तालाब का सौंदर्य करण किया गया। मतलब किसी भी प्रकार की कोई भी सुविधा नगर वासियों के लिए पालिका नगर में नहीं है। पालिका के जनप्रतिनिधि लगातार विभागीय मंत्री से और सांसद से मिल रहे हैं। जिससे नगर के विकास को गति दिया जा सके। नगर पालिका के द्वारा भी विभाग को नगर के विकास के लिए प्रतिवेदन दिया जा है।

# रामाटोला कॉलेज में वाणिज्य संकाय खोलने और नए पद की उठी मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭सेलूद

लोधी समाज ने वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय रामाटोला में वाणिज्य संकाय शुरू करने करने और राजनीति विज्ञान विषय के लिए नवीन पद सृजन करने की मांग की है। इस संदर्भ में समाज की ओर से हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति को ज्ञापन सौंपा गया है।

लोधी समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा के निर्देश पर जिला लोधी समाज राजनांदगांव एवं सर्किल लोधी समाज एल बी नगर के नेतृत्व में यह ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि यह महविद्यालय एकमात्र उच्च शिक्षण संस्थान है जो डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम रामाटोला क्षेत्र के छात्र एवं छात्राओं को शिक्षा उपलब्ध कराता है। किंतु विषयो की सीमित उपलब्धता के कारण विद्यार्थियों को अन्य दूरस्थ महाविद्यालय में जाना पड़ता है। जिससे विद्यार्थियों को शिक्षा में बाधा उत्पन्न होती है। ज्ञापन सौंपते समय प्रमुख रूप से कृष्ण कुमार सिंगोर महामंत्री छत्तीसगढ़ प्रदेश लोधी समाज, विष्णु लोधी कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ लोधी समाज, दशमत जंघेल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला लोधी समाज , लक्ष्मी जंघेल महामंत्री

- लोधी समाज ने हेमचंद विवि कुलपति के नाम सौंपा ज्ञापन

छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला लोधी समाज, रूप कुमार महिकवार, चैन दास जंघेल, भगवती चंदेल, उत्तम चंद जंघेल अध्यक्ष जिला लोधी समाज राजनांदगांव , ईश्वरी वर्मा , जोहन वर्मा, गुलाब वर्मा उपाध्यक्ष जिला लोधी समाज राजनांदगांव, महेश्वर जंघेल कार्यकारणी सदस्य जिला लोधी समाज राजनांदगांव, हुजूर दास वर्मा सचिव सर्किल लोधी समाज एल बी नगर, मोहन वर्मा उपाध्यक्ष सर्किल लोधी समाज खैरागढ़, भूपेन्द वर्मा, महेश महुले , गया प्रसाद वर्मा, चंद्र प्रकाश वर्मा, भुनेश्वर वर्मा, विश्राम वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# बच्चों को कराया न्योता भोज और बांटी शिक्षण सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭सेलूद

- शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी संस्था की पहल

भिलाई 3 कार्यालय के शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी संस्था के द्वारा विभिन्न स्तर व समय-समय पर विद्यालयीन बच्चों समाज सेवा व शिक्षकों के कला प्रतिभा पर सराहनीय कार्य किया जाता है। इस तारतम्य में ग्राम बागतराई विकासखंड व जिला धमतरी के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला के सभी बच्चों को न्योता भोजन करा कर काफी, पेन व अन्य शिक्षण सामग्री वितरण किया गया। स्काई में व्याख्याता व संस्था के सदस्य खूब लाल साहू, संस्था के संस्थापक राष्ट्रपति पुरस्कार की शिक्षक संजय कुमार मैथिल, संस्था के अध्यक्ष मीना भारद्वाज और प्रदेश मीडिया प्रभारी दशोदा साहू का विशेष योगदान रहा। स्कूली बच्चों ने न्यौता भोज के बाद शिक्षण सामग्री पाकर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में प्रदेश पदाधिकारी गण हेमा चंद्रवंशी, लक्ष्मी देश लहरे, भिलाई-3 साहू समाज के वरिष्ठ अंगद राम साहू ,ढीमर समाज की प्रमुख कुमारी बाई ढीमर, सीमा सोनवानी शशि बाघमार, हाई स्कूल के प्राचार्य श्री बघेल,प्रधान पाठक योगेश्वरी साहू एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य पालकगण व बच्चे उपस्थित थे।



# कबड्डी में स्कूली बच्चों ने दिखाया कौशल

**उतई।** दीपशिखा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुमरडीह, उतई में दो दिवसीय कबड्डी चयन प्रतियोगिता का आयोजन की गई । प्रथम दिवस पर बालिकाओं की प्रतियोगिता संपन्न हुई । इस अवसर पर मुख्य अतिथि भुवनेश्वर प्रसाद साहू सरपंच पतोरा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य श्रीमती चंद्रिका कलिहारी ने की । विशेष अतिथि अशोक रिगरी विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी थे। प्राचार्य के आर सिन्हा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया । इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर डी एल सिन्हा ,चित्रसेन कलिहारी पंच ग्राम पंचायत पतोरा एवं सभी पीटीआई शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित थे। दूसरे



दिन बालकों की 14 वर्ष 17 वर्ष एवं 19 वर्ष आयु वर्ग की प्रतियोगिता हुई। मुख्य अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी दुर्ग राजेश्वरी चंद्राकर थीं। प्राचार्य के आर सिन्हा एवं प्रधान पाठक एन के चंद्राकर ने अतिथियों का स्वागत किया।इस अवसर पर विकास खंड क्रीड़ा अधिकारी अशोक रिगरी, अजीत पाठक, चितरंजन वर्मा, मोतीलाल साहू आदि मौजूद थे।

# सेजस विद्यालय चंदखुरी में शाला प्रवेशोत्सव व मेधावी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, मुंह मीठा कराकर किया गया पुस्तक वितरण

**अंडा।** सेजस विद्यालय चंदखुरी में शाला प्रवेशोत्सव व मेधावी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, मुंह मीठा कराकर एवं पुस्तक वितरण कर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि आशा विक्की मिश्रा जिला पंचायत सदस्य, गोपाल यादव जनपद सदस्य, कविता ठाकुर सरपंच योगिता यादव उपसरपंच, राजू चंद्राकर अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, शिखा मिश्रा प्राचार्य, भूपेन्द्र साहू सक्रिय सदस्य, दुष्यंत चंद्राकर शिक्षाविद घनश्याम साहू पंच जितेन्द्र यादव उपसरपंच, प्रतिक जैन सदस्य, योगेश चंद्राकर, लता चंद्राकर, दुर्गेश साहू, उषा यादव, मंजु तिवारी,बच्चे एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। मंच



संचालन जोशी ने एवं पाठक ने आभार व्यक्त किया।

## अछोली में शराब दुकान खोलने का मामला

# शराब दुकान खोलने के विरोध में भूख हड़ताल के प्रस्ताव पर किसानों ने लगाई मुहर, दिखाई एकता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमधा

अछोली गांव में शराब दुकान खोलने के विरोध में ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ते जा रहा है। किसान बंधु संगठन ने शुक्रवार को अछोली में बैठक की। जिसमें तीन विषयों पर प्रस्ताव पास किया।

जिसमें तय किया गया कि शराब दुकान खोलने की स्थिति में 20 से 25 गांव के प्रत्येक गांव से 10 परिवार भूख हड़ताल पर बैठेंगे। वही पंचायत की पंजी को अनुविभागीय अधिकारी धमधा को सौंप जांच की मांग की जाएगी।



संगठन का आरोप है कि पंचायत की पंजी में शराब दुकान खोलने का एजेंडा नहीं है, पंचों एवं सरपंच उपसरपंच के हस्ताक्षर नहीं है जिससे फर्जीकरण पुख्ता हो जाता है। वही सभी किसान बंधु संगठन क्षेत्र के सांसद विजय बघेल एवं प्रदेश के पंचायत मंत्री एवं जिला दुर्ग प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के पास ज्ञापन सौंपने की बात कही। इन सभी मुद्दों पर किसान बंधु संगठन के सभी लोगों ने एकजुटता दिखाने की बात कही।

इस मौके पर किसान नेता बाबा टेकसिह चंदेल,आत्मा साहू अध्यक्ष किसान बंधु संगठन, ढालू वर्मा अध्यक्ष लोधी समाज धमधा सर्किल,मोती वर्मा पूर्व सरपंच,देवेंद्र चंदेल पूर्व सरपंच, श्रीमती नैन बाई सरपंच अछोली, सतीश सिन्हा, चितरंजन अग्रवाल,सनत साहू, परमेश्वर साहू, भुनेश्वर नेताम,गिरधर वर्मा, घनश्याम वर्मा, मोजी डांडेकर, राजेंद्र वर्मा, लल्लू वर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## आम सूचना

मैं अपने पक्षकार गौरव श्रीवास्तव आ. स्व. हरनारायण श्रीवास्तव पता - आचार्य मोटर्स के बाजू में जुनवानी रोड कोहका भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्राप्त अधिकार व निर्देश पर आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने सूरज मल जैन आ. स्व. मिश्रीलाल जैन, निवासी- मोती पारा दुर्ग जिला - दुर्ग के भूमिस्वामी हक की भूमि - मौजा कोहका, विवेकानंद नगर प.ह.नं. 14 / 19 / 45, तह. व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित खसरा नं. 1702/1 रकबा 0.80 हे. आवासीय परिवर्तित भूमि जिसकी सीमा उत्तर- कच्चा रास्ता, दक्षिण-रास्ता व नड्डा फैक्ट्री पूर्व - विक्रेता की बचत भूमि, पश्चिम-परवीन सिद्दीकी का मकान है, को भूमिस्वामी सूरज मल जैन आ.स्व. मिश्रीलाल जैन से क्रय करने का चुकता सौदा कर अग्रिम राशि दिया जा चुका है, मेरे पक्षकार द्वारा शेष प्रतिफल की राशि का भुगतान कर विक्रय पंजीयन कराया जाना है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार अथवा उसके किसी भाग के स्वत्व अंश व हित अथवा आधिपत्य के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक व किसी परिवारिक सदस्य या किसी अन्य को, किसी भी प्रकार से उजर, आपत्ति या दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मेरे अधोलिखित पते पर मय दस्तावेज उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करावें, बाद म्याद प्रस्तुत आपत्ति मेरे पक्षकार के उपरोक्त संव्यवहार में किसी भी प्रकार से बंधनकारी अथवा प्रभावकारी नही होगा तथा मेरा पक्षकार उक्त वर्णित संपति का बैनामा पंजीयन अपने पक्ष में करवाने में स्वतंत्र होगा।

उपरोक्तानुसार सर्व-साधारण सूचित हो ।

दुर्ग, दिनांक 19/07/2025

भवदीय
भरत दास वैष्णव (अधिवक्ता)
आ. एवं नि. सिरसा रोड कोहका भिलाई
मो. नं. 7987057743, 9300673466

## बिजनेस साइट

### एडवांस्ड न्यूरो माइंड क्लिनिक निःशुल्क शिविर



**भिलाई।** एडवांस्ड न्यूरो माइंड क्लिनिक के संचालक व न्यूरो साइकेट्रिस्ट डॉ. प्रशांत अग्रवाल के द्वारा आयोजित नस रोग एवं दर्द निवारण 7 दिवसीय निःशुल्क शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक हुआ। इस शिविर में नस, दर्द और लकवे के लगभग 500 मरीजों को आधुनिक चिकित्सा एवं परामर्श दिया गया। मरीजों को कुछ विशेष योग -कसरत भी सिखाई गयी। जिस के उपयोग से मरीजों को बिना दवाई के दर्द में आराम मिला। डॉ. प्रशांत ने बताया के एडवांस्ड माइंड क्लिनिक सौभाग्य काम्प्लेक्स दुर्ग में एक नई ब्रेन मैपिंग की आधुनिक मशीन स्थापित होने जा रही जिस से मरीजों की ब्रेन, माइंड एवं मिर्गी की बीमारी की जड़ को पकड़ा जा सकेगा यही नहीं इस जांच से मरीजों का सही उपचार करने में भी सहायता मिलेगी। ब्रेन मैपिंग की मशीन से मस्तिष्क (ब्रेन) की इलेक्ट्रिकल एक्टिविटी समझी जाती है। जिस से दिमागी बीमारी की असली जड़ को समझा जा सकता है। ब्रेन मैपिंग मशीन छत्तीसगढ़ में बहोत सिमित अस्पतालों में लगी है तो इस के स्थापना से दुर्ग-भिलाई और आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को विशेष लाभ होगा। खास कर के वो मरीज जो लकवे, मिर्गी या नसों की समस्या से वर्षों से जुंझ रहे है और उन्हें आराम नहीं आ रहा है। डॉ. अग्रवाल ने बताया की शिविर में कई ऐसे मरीज देखे गए जिन्हें जरुरत से ज्यादा दवाइया दी गयी थी, जिसे शिविर में कम कर दिया गया और मरीजों को उनके समस्या की जड़ को समझाया गया। डॉ. प्रशांत ने अपनी पढ़ाई देश के सर्वोच्च चिकित्सा संसथान पीजीआई, चंडीगढ़ एवं एम्स, दिल्ली में पूरी की है।

### डीएवी मॉडल हायर सेकंडरी स्कूल में प्रवेश प्रारंभ




**भिलाई।** डीएवी मॉडल हायर सेकंडरी स्कूल आर्यनगर दुर्ग अंग्रेजी माध्यम में नर्सरी से कक्षा बारहवीं तक सभी संकायों का अध्यापन किया जाता है। जिसे छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा मान्यता प्राप्त है। विद्यालय के डायरेक्टर विनीत बंसल ने विद्यालय की विशेषताओं के बारे में बताया कि हमारे विद्यालय में आधुनिक शिक्षा एवं संस्कार छात्र-छात्राओं को दिया जाता है। विद्यालय में पर्याप्त सुविधायुक्त अध्ययन कक्ष पार्किंग व्यवस्था, खेल का मैदान, वैदिक हवन वैदिक शिक्षा, छात्रों के लिए योग शिक्षा की पर्याप्त व्यवस्था है। छात्रों के लिए सर्वसुविधायुक्त प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, विषय विशेषज्ञ शिक्षक शिक्षिकाएं, कम्प्युटर की व्यवस्था, छात्रों के लिए परिवहन की सुविधाएं तथा शिक्षा के आलावा अन्य कलात्मक गतिविधियां, आर्ट एवं कॉफ्ट सिखाने की व्यवस्था संगीत एवं नृत्य की कक्षाएं मेडिटेशन क्लास के आलावा छात्रो के लिए साप्ताहिक एवं मासिक टेस्ट की व्यवस्था विद्यालय में की जाती हैं। डायरेक्टर बसंल ने बताया कि यह विद्यालय विगत 40 वर्षों से संचालित हैं। प्रतिवर्ष बोर्ड परीक्षाओं में हमारे विद्यालय का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा है।

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 20 जुलाई, 2025

12 अमलेश्वर में मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे लोग, कार्य योजना ठंडे बस्ते में जमा



16 ईडी की कार्रवाई व गिरफ्तारी पर जिलेभर में कांग्रेस का प्रदर्शन, पुतला फूंक की नारेबाजी







न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
हमारे यहां सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

## खबर संक्षेप

### गांजा के साथ युवक हुआ गिरफ्तार



**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा रखने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जेवरा सिरसा चौकी के अंतर्गत आने वाले पूजा राईस मिल के सामने आईआईटी रोड पर युवक खड़ा था। संदेह होने पर युवक को घेराबंदी कर पकडा गया। पुलिस पूछताछ करने पर अपना नाम आलू गोदाम, गुणोत्तर पब्लिक स्कूल के पीछे, ग्राम सिरसाखुर्द चौकी जेवरा सिरसा निवासी भरत ठाकुर होना बताया है। युवक के पास से एक काले रंग के बैग था उसमें का तलाशी लेने पर काले रंग का इलेक्ट्रानिक तराजू, सफेद रंग के पॉलिथिन में 1.148 कि.ग्रा. अवैध गांजा जब्त किया गया। गाजा की कीमत 10 हजार रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी उनि खगेन्द्र पठारे समेत उनकी टीम का योगदना रहा है।

### खाते से एक लाख नब्बे हजार की ठगी

**भिलाई।** एसबीआई का योनो ऐप डाउन लोड कर खाते से लाखों रुपए ठगी किया गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि राजेश कुमार पाण्डेय के मोबाइल पर कॉल किया। अज्ञात ने पीड़ित को योनो एसबीआई ऐप को डाउनलोड कराया। उसके बाद पीड़ित के खाता से 1 लाख 90 हजार रुपए ठगी कर लिया। तुरंत पीड़ित ने सायबर पोर्टल 1930 मे शिकायत किया है। पीड़ित राजेश कुमार पाण्डेय का खाता भारतीय स्टेट बैंक, शाखा मार्केट सेक्टर 4 में सेविंक खाता है। 26 जून को सुबह मोबाइल पर कॉल आया उसने एसबीआई का योनो ऐप डाउनलोड करने कहा था। उसके बाद काते से रकम गायब हो गए।

### हमला करने वाला पकड़ाया



**भिलाई।** पुरानी रंजिश के चलते प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि कैम्प 1 छावनी निवासी प्रीतम कौर 15 जुलाई को शिकायत किया कि पुत्र शुभदीप सिंह उर्फ बछड़ा को रंजिश की बात को लेकर हमला किया गया था। घटना में आरोपी छोटा भाचा उर्फ राकेश, केश भुरु और उसके दोस्त द्वारा बीएसपी स्कूल के पीछे बुलाकर साजिश के तहत बेस बॉल, डण्डा, रॉड से हमला किया। पुलिस ने आरोपियों की पतासाजी कर संदेही हेमंत ठाकुर को पकड़ा गया।

### सहकारी बैंक खाते से 1.73 लाख पार

**भिलाई।** सहकारी बैंक खाते से किस्तों में लाख रुपए पार होने का मामला सामने आया है। पाटन पुलिस ने बताया कि ग्राम अरसनारा निवासी जयप्रकाश साहू जिला सहकारी बैंक पाटन एवं सेलुद में स्थित खाता से कुल रकम 1 लाख 73 हजार 242 रुपए अज्ञात ने गायब कर दिया। खाते से अलग-अलग किस्तों में रकम पार हुए है। जिला सहकारी बैंक पाटन खाते से कुल रकम 1 लाख 6 हजार 529 रुपये में से 99 हजार 220 रुपये दोनों खाते का कुल 1 लाख 73 हजार 242 रुपये अज्ञात ने पार कर दिया।

### पुलिस ने तलवार के साथ गिरफ्तार कर निकाला जुलूस

# जोश के बाद अब उसके जीजा जॉर्ज ने बरपाया कहर, बीएसपी कर्मी पर तलवार से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई में आतंक का पर्याय रहे और पुलिस इनकाउंटर में मारे गए अमित जोश के बाद अब उसके जीजा लकी जॉर्ज ने आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देते हुए शहर में आतंक फैलाना शुरू कर दिया है। जॉर्ज ने बीते शुक्रवार रात सेक्टर 5 में बीएसपी कर्मी चंद्रकांत वर्मा के ऊपर तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में वर्मा बुरी तरह घायल हो गया। सिर में गहरी चोट आने से उसे सेक्टर 9 अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

भिलाई नगर पुलिस के मुताबिक बीती रात करीब 10 बजे चंद्रकांत वर्मा सेक्टर-5 मार्केट से अपने घर लौट रहा था। अचानक एक नीली कार उसके पास आकर रुकी। उसने देखा कि कार के अंदर लकी जॉर्ज और उसका दोस्त यशवंत बैठे हैं। चंद्रकांत को देखते ही लकी और यशवंत गाली देने लगे। जब चंद्रकांत ने उनका विरोध किया दोनों कार के अंदर से तलवार लेकर बाहर आए और उसके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। चंद्रकांत वहां से जान बचाकर भागा, लेकिन तब तक उसके ऊपर कई वार हो गए थे। उसके सिर और सरीर के काफी खून बह रहा था। वो भागते हुए एक बाइक चालक से लिफ्ट मांगा और सीधे सेक्टर 9 अस्पताल पहुंचा। वहां तुरंत उसका इलाज शुरू किया गया। खबर लिखे जाने तक चंद्रकांत की हालत खतरे से बाहर है। घटना की सूचना मिलते ही भिलाई नगर थाना की पुलिस पहुंची। पुलिस ने चंद्रकांत का बयान लिया। इसके बाद जॉर्ज और यशवंत के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस की अलग अलग टीमों ने लगातार छापेमारी करके 24 घंटे के अंदर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



घायल चंद्रकांत वर्मा



#### जोश के नाम से सक्रिय किया जा रहा गैंग

सूत्रों से पता चला है कि लकी अपने साले अमित जोश के नाम की दहशत का फायदा उठाते हुए उनके नाम से गैंग सक्रिय कर रहा है। जिससे वो कम समय में जोश के नाम से लोगों को धमकाकर अधिक वसूली कर सके।

#### शहर में खौफ व्यापारियों में नाराजगी

वारदात के बाद सेक्टर-5 और आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई है। व्यापारियों ने कहा कि अगर ऐसे हमले खुलेआम होने लगें तो आम जनता सुरक्षित कैसे रहेगी?

#### निकाला जुलूस

पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका जुलूस निकाला, जिससे कि लोगों के बीच बनी उनकी दहशत कम हो सके।

#### साले का किया था पुलिस ने एनकाउंटर

पुलिस के मुताबिक तलवार से हमला करने वाला सेक्टर 5 निवासी बी लक्की जार्ज हिस्ट्रीशीटर अमित जोश का जीजा है। लक्की व अमित जोश साथ में कई अपराध को अंजाम दे चुके है। अमित जोश का पुलिस ने 8 नवम्बर 2024 को एनकाउंटर जयंती स्टेडियम के पीछे फारेस्ट एवेन्यू के पास किया था। मृतक अमित जोश गोलीकांड का आरोपी भी था उसने ग्लोब चौक के पास तीन युवकों को जबरन गोली चलाकर घायल किया था। उसके बाद से अमित महीनों से फरार चल रहा था। पुलिस ने उस पर 35 हजार का इनाम भी घोषित किया था। जोश दुर्ग जिले का कुख्यात अपराधी था। अमित जोश का अलग-अलग थानों में 35 केस दर्ज हैं। इसमें 25 मामले अकेले भिलाई नगर थाने में दर्ज है।

# लेनेदेन को लेकर हत्या आरोपी मृतक का दोस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- धमधा थाना क्षेत्र की घटना 24 घण्टे के भीतर पकड़ा

रकम के लेनेदेन को लेकर हत्या करने के मामले में पुलिस आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ग्राम जाताघर्रा व कन्हारपुरी के बीच निर्माणाधीन पुल के बीचो - बीच पानी भरे हुए गड्ढा में मजदूर ग्राम रामघडी थाना बिरसा जिला बालाघाट मध्यप्रदेश निवासी मानसिंग वल्के मृत हालत में पड़ा मिला। सूचना पर धमधा पुलिस मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम कर जांच में लिया। शव का पीएम कराया गया। मर्ग जांच में चिकित्सकों की रिपोर्ट में उल्लेख हुआ था कि मृतक के सिर पर ठोस वस्तु से चोट आई है। जिससे उसकी मौत होना पाया गया। विवेचना में मृतक मानसिंह के साथी कैलाश बिसेन पर हत्या करने का संदेह पुलिस को होने से हिरासत में लेकर पुछताछ करना शुरु किया गया। मृतक व आरोपी ग्राम



जाताघर्रा व कन्हारपुरी गांव के बीच कच्चे रास्ते में बन रहे पुल के पास झोपडी बनाकर रहते थे। दोनों पुल बनाने का काम कर रहे थे।

17 जुलाई की रात आरोपी कैलाश और मानसिंह के बीच शराब पीने के बाद झोपड़ी में पैसे के लेन देन की बात को लेकर जमकर विवाद हुआ। मृतक व आरोपी के बीच हाथापाई पटका पटकी भी हुआ, तभी आरोपी ने मानसिंह को जान से मारने की नियत से बोल्डर पत्थर से कैलाश ने हमला कर दिया। घटना में मान सिंह को गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया।

# नौकरी लगाने के नाम पर 50 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- दुर्ग सीएमएचओ कार्यालय से जुड़ा है मामला

नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर टीआई राज कुमार लहरे ने बताया कि दुर्ग सीएमएचओ कार्यालय की नियमित कर्मी प्रिया देशमुख ने शिकायत किया है। उसमें आरोपी रजत कुमार गुप्ता, प्रिया देशमुख के बीच नायब तहसीलदार बनाने की सौदेबाजी हुई है। आरोपी ने प्रिया से पहले 50 लाख में नायब तहसीलदार बनाने का सौदा किया था। उसमें अग्रिम के तौर पर वह प्रिया से 25 लाख रुपए लिया फिर 25 लाख नौकरी के बाद देने बोला था। उस पद के लिए प्रिया आवेदन भी की थी।

रिजल्ट आने पर चयन नहीं हुआ तो 20 लाख में खाद्य तथा नागरिक आपूर्ति निरीक्षक बनाने का झांसा दिया। आरोपी ने उसका आदेश भी फर्जी दिया था। ठग ने अपने जाल में फंसाने प्रिया देशमुख समेत अन्य 6 युवाओं को खाद्य तथा नागरिक आपूर्ति निरीक्षक के लिए जो फर्जी नियुक्ति पत्र बांटा, उसमें 22 फरवरी 2022 की परीक्षा का हवाला दिया गया है।

फर्जी आदेश में ठग ने मेरिट सूची के आधार पर सबका चयन होना बताते हुए अलग-अलग जिलों में पदस्थापित करना दर्शाया है। फर्जी आदेशों की छायाप्रतियों में जितेंद्र कुमार शुक्ला के नाम से बतौर संचालक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप. संरक्षण हस्ताक्षर होना पाया है। टीआई राज कुमार लहरे ने बताया कि आवेदन पर अपराध कायम किया गया है। जांच के दौरान प्रमुख आरोपी रजत कुमार की लोकेशन ट्रेस की गई तो लोकेशन अलग-अलग मिल रहा है। मामले का दूसरी आरोपी उसकी पत्नी भी बताए गए पते पर नहीं मिली है। खोजबीन की जा रही है। पुलिस ने बताया कि प्रदेश के अन्य हिस्सों में इस तरह की धोखाधड़ी के मामले सामने आए हैं, जांच जारी है।

# रिसाली में ईडब्ल्यूएस की जमीन पर कब्जे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

रिसाली निगम में ईडब्ल्यूएस की जमीन कब्जे में हैं। जिन बिल्डरों ने यह जमीन छोड़ी है वे खुद ही बाद में निर्माण करवा लिए। कहीं दुकानें चल रही है तो कहीं पर लोगों ने गार्डन बना लिया है। सामान्य सभा में मुद्दा उठने के बाद सभापति केशव बंछोर ने एक जांच समिति बनाई है। यह समिति पूरे निगम क्षेत्र के ईडब्ल्यूएस की जमीन की तलाश करेगी।



#### इस तरह हो गए हैं कब्जे

रिसाली निगम के अंतर्गत सबसे पहली कालोनी विकसित हुई वार्ड क्रमांक 31 सड़क नंबर एक पर। यहां पर ईडब्ल्यूएस की जमीन बिल्डर ने छोड़ी। रिसाली जब पूर्ण विकसित हो गया तो इस जमीन पर बिल्डर ने ही कब्जा करना शुरू कर दिया। आधे हिस्से में यहा अपार्टमेंट बन चुका है। आधे हिस्से में एक ऑटो सर्विस की दुकान चल रही है। करोड़ों की जमीन पर ऐसे कब्जे हो रहे हैं। यह उदारहण मात्र हैं। यहां मैत्रीकुंज, मैत्री बिहार और नई विकसित कालोनियों में ईडब्ल्यूएस की जमीन छोड़ी गई है। जहां की जमीनों में गार्डन या फिर लोगों ने कब्जे कर लिए हैं।

#### जांच समिति करेंगी पंचनामा तैयार

ईडब्ल्यूएस की जमीन को तलाश करने के लिए सात पार्षदों की समिति बनाई गई है। इस समिति में भाजपा से नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू, धमेंद्र भगत, विधि यादव और कांग्रेस से विलास बोरकर, सनीर साहू और रेखा देवी को शामिल किया गया है। एक अन्य पार्षद रंजिता बेनुआ भी इस समिति में हैं। इस तरह ये पार्षद पूरे निगम क्षेत्र में विकसित कालोनियों में जाएंगे। यहां रिकार्ड के हिसाब से किस जगह पर ईडब्ल्यूएस की जमीन छोड़ी गई है और वर्तमान में किस स्थिति में है इसका पंचनामा तैयार करेंगे।

#### ईडब्ल्यूएस की जमीन पर बनेगी कार्ययोजना

रिसाली निगम की सामान्य सभा में ईडब्ल्यूएस की जमीन का मुद्दा गरमाया था। विपक्ष ने इस मुद्दे की जानकारी देते हुए करोड़ों की जमीन को कब्जे से मुक्त करवाने पर जोर दिया। ऐसी जगह का उपयोग सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए करने निगम ने सहमति दी है। गरीब वर्ग के लिए छोड़ी गई जमीन का उपयोग उन्ही के विकास के लिए किए जाने योजना बनाई जाएगी। ईडब्ल्यूएस की जमीन पर सरकारी योजनाओं के अंतर्गत आवास का निर्माण कराया जाएगा।

**प्रदत्त शक्तियों का उपयोग**

*ईडब्ल्यूएस की जमीन गरीब वर्ग के लिए आरक्षित की गई है। ऐसी जमीन को कब्जामुक्त करवाने के लिए नगर पालिक अधिनियम 1965 की धारा 48 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए विशेष कमजोर वर्ग के आर्थिक उत्थान हेतु ईडब्ल्यूएस जमीन की जांच समिति गठन किया है।* - **केशव बंछोर**, सभापति, रिसाली निगम

# रकम गबन मामले में पूर्व प्रभारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- कृषक सेवा सहकारी समिति का 5 लाख 88 हजार का मामला

कृषक सेवा समिति से लाखों रुपए गबन करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि समिति के प्राधिकृत अधिकारी कोहका निवासी धुव्र कुमार गुप्ता ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। आरोपी श्याम मंदिर रोड दुर्ग निवासी प्रभारी सहायक प्रबंधक डाकवर धुर्वे ने 20 जुलाई 2023 से 24 जून 2024 के मध्य कृषक सेवा सहकारी समिति कोहका के खाते से बचत बैंक में अपने निजी उपयोग के लिये दिपावली उपहार, ऑडिटर, डीमो, सिलक अन्तरण आदि के लिए स्वयं हस्ताक्षर कर 5 लाख 88 हजार 202 रुपए की राशि का गबन किया। स्मृति नगर पुलिस ने जांच करने पर पूर्व सहायक प्रबंधक डाकवर धुर्वे का ठिकाना तलाश



कर टीम गठित कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस में शिकायत की जानकारी लगने पर आरोपी पूर्व प्रबंधक भागने की फिराक में था। पुलिस ने तुरंत दुर्ग रेल्वे स्टेशन में दबिश देकर उसे पकड़ लिया। आरोपी से पूछताछ करने पर स्वीकार किया कि कृषक सेवा सहकारी समिति कोहका के रकम का गबन करना बताया है। गबन के रकम से आईफोन अपने लिए खरीदा था। आरोपी पूर्व सहायक प्रबंधक डाकवर धुर्वे को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया है। कार्रवाई में उप निरीक्षक गुरूविंदर सिंग संधु समेत उनकी टीम का योगदना रहा है।

**सौगात** बिजली कंपनी ने बढ़ाया सब स्टेशन का क्षमता, 52 लाख की लागत से हुआ काम

# हिर्री सब स्टेशन से अब 17 गांव को मिलेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने हिर्री सब स्टेशन की क्षमता बढ़ाने क्षेत्र के 17 ग्रामीण इलाकों में निवास करने वालो को बिजली का लाभ मिलेगा।यहां 4200 से अधिक उपभोक्ता और किसान की बिजली समस्या भी दूर होगी। सीएम अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत यह काम किया गया है।

यहां पर्याप्त वोल्टेज के साथ लगातार बिजली अब सप्लाई देने के लिए अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगाकर विद्युत उपकेंद्रों की क्षमता बढ़ाई जा रही हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र नगपुरा वितरण केंद्र के अंतर्गत स्थित 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र(सबस्टेशन) हिर्री में 5 एमव्हीए का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगाया गया। यहां पहले में सबस्टेशन में 5 एमवीए, 3.15 एमवीए के दो पॉवर ट्रांसफार्मर लगे हुए थे। जिनमें से एक 3.15 एमवीए के ट्रांसफार्मर को बदलकर 5 एमवीए के पॉवर ट्रांसफार्मर को स्थापित कर ऊर्जीकृत किया। कार्य के होने से उपकेंद्र की क्षमता 8.15 एमवीए से बढकर 10 एमवीए हो गई है। जिससे ओवरलोड की समस्या का निराकरण हो गया है।

बिजली कंपनी मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल के मुताबिक उक्त कार्य 52 लाख रुपए की लागत से पूर्ण किया गया है। सबस्टेशन में पहले से मौजूदा दोनों ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो जाते थे। खासकर धान की फसल के मौसम में लोड षेडिंग एवं लो वोल्टेज की समस्या होती थी। उक्त कार्य से लो वोल्टेज, लोड षेडिंग जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी। इस दौरान अधीक्षण अभियंता वृत्त सलिल कुमार खरे, कार्यपालन अभियंता परियोजना डीकेभारती, कार्यपालन अभियंता संचारण-संधारण संभाग दुर्ग छगन शर्मा, सहायक अभियंता अविनाश दुबे, डीके गजपाल, डी.के.साहू समेत पूरी टीम का अहम योगदान रहा है। पॉवर कंपनी के अधिकारी, कर्मचारी उपभोक्ताओं, किसानों तक गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाने के लिए बिजली कंपनी समर्पित है।




#### इन ग्रामों को मिलेगा लाभ

श्री खंडेलवाल ने बताया कि कार्य से क्षेत्र के उपभोक्ताओं, किसानों के हित में सतत विद्युत आपूर्ति के लिए बेहतर साबित होगा। 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन हिर्री में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर के लग गया। इससे ग्राम हिर्री, सेवती, मढ़ियापार, परसदापार, खर्रा, रोता, टेमरी, हसदा, पाण्डुका, बिरेझर, ढाबा, अंजोरा, नवांगांव, करेली, पूर्दा, छोटे पूर्दा,बड़े पूर्दा ग्रामों के करीब 4200 उपभोक्ता, किसान लाभावित होंगे।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 20 जुलाई 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

**लाइव इवेंट**

## व्यक्तित्व विकास और कौशल क्षमता बढ़ाने विद्यार्थियों को दिया गया प्रशिक्षण



**दुर्ग।** साइंस कॉलेज में आयोजित मेगा जॉब फेयर में 114 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। महाविद्यालय के इतिहास में कैम्पस इंटरव्यू के द्वारा इतनी बड़ी संख्या में प्रथम बार चयन हुआ है। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल की संयोजक एवं गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पद्मावती ने बताया कि इस मेगा जॉब फेयर में विभिन्न महाविद्यालयों से 230 विद्यार्थी शामिल हुए। 12 विभिन्न का विभिन्न पदों पर चयन हुआ।

डॉ. पद्मावती ने बताया कि इन सभी विद्यार्थियों को इसी माह जॉब ज्वाइन करना है। साइंस कॉलेज के अलावा नवीन महाविद्यालय रिसाली, गर्ल्स कॉलेज, भिलाई महिला महाविद्यालय सेक्टर-9 के विद्यार्थी शामिल हुए। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र में भी इस प्रकार के आयोजन किए जाएंगे। इस अवसर पर डॉ. एचपी सिंह सलूजा, डॉ. अलका मिश्रा, डॉ. अंशुमाला चन्दनगर, डॉ. कल्पना अग्रवाल, डॉ. मोतीराम साहू, डॉ. विनोद अहिरवार, डॉ. लतिका ताम्रकार सहित अन्य मौजूद थे। महाविद्यालय के टैगोर हॉल में जॉब फेयर का आयोजन किया गया। व्यक्तत्वि विकास एवं कौशल क्षमता संबंधी प्रशिक्षण भी दिया गया।

**सिटी इवेंट**

## शहर को प्रदूषण मुक्त बनाने ग्राहक पंचायत ने दिया महापौर से की मांग



**दुर्ग।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत शहर को प्रदूषण मुक्त बनाने महापौर अलका बाघमार को ज्ञापन सौंपा। संस्था के प्रतिनिधियों ने कहा कि सिंगल यूज पॉलिथीन जो कि पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। इसके बाद भी प्रयोग में लाया जा रहा है। इसकी वजह से पूरे शहर में गंदगी एवं प्रदूषण फैल रहा है। इसी संबंध में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की प्रमुख पदाधिकारियों ने महापौर से मुलाकात की। उन्हें शहर को प्रदूषण मुक्त बनाने ज्ञापन सौंपा। महापौर को अवगत कराया गया कि शहर में लगातार रेस्टोरेंट, होटल, रेहेड़ी दुकानदार द्वारा ऐसे ही मुख्य मार्ग एवं सड़कों पर कूड़ा के रूप में फूंका जा रहा है। इससे गंदगी फैल रही है। बदबू से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। महापौर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को व्यवस्ता दुरुस्त करने और जरुरत पड़ने पर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष देवाशीष घोष, दिलीप देशमुख, दुर्ग नगर संयोजक छवि गजेंद्र, सह संयोजक संजय डहरवाल, सचिव गोपीचंद साहू, प्रान्त सह प्रचार प्रमुख भैरू आवारे, चंद्रशेखर साहू, नेतराम निषाद सहित अन्य मौजूद थे।

**सिटी इवेंट**

## सिंदूर, पीपल और नीम के रोपे पौधे, सहेजने का लिया संकल्प



**भिलाई।** सावन माह पर ज्येष्ठ नागरिक संघ पद्मनाभपुर के वरिष्ठजनों ने एक पेड़ मां के नाम पर स्थानीय तालपुरी आक्सीजोन में बड़ी संख्या में सिंदूर, पीपल, नीम आदि विभिन्न प्रजातियों के पेड़ लगाए। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बुजुर्ग पुरुष एवं महिलाओं ने अपनी सार्थक भूमिका निभाई। वरिष्ठजनों ने गोपाल सिंह पवार, सीएस पांडे, लालचंद जैन के नेतृत्व में पौधे रोपे। 70 से 80 वर्ष के उम्रदराज महिलाओं और पुरुषों ने वृक्षारोपण के साथ सहेजने का भी संकल्प लिया। कुछ वरिष्ठ नागरिक अपने साथ पौधे लेकर आये। अध्यक्ष डॉ. देव मांडरिक एवं उपाध्यक्ष आरके सिंग के नेतृत्व में प्रति वर्ष पौधरोपण किया जाता है। वन विभाग के सहयोग से यह अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में राघवेन्द्र ठाकुर, जीएस पदुमवार, अजय जाधव, एमएल पांडे, प्रवीण उजवने, एमडी वैष्णव, केएल मेश्राम, राजेश बिसेन, राधेश्याम अग्रवाल, साहेब सिंह, शंभू अग्रवाल, प्रमोद दुबे, आनंद डोनगांवकर, धनेन्द्र जैन, शोभा अरोरा, अपूर्णा चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

**पर्यावरण की रक्षा का लिया जाएगा संकल्प, गुरुवार को सावन मास का होगा समापन**

# हरियाली अमावस्या पर पितृ तर्पण व दान का विशेष महत्व, 25 साल बाद रवि पुष्य व शिववास योग, सामाजिक संगठन पौधरोपण की कर रहे तैयारी

**भिलाई। गुरुवार को सावन मास का कृष्ण पक्ष समाप्त हो जाएगा और इस दिन सावन महीने की अमावस्या तिथि पर हरियाली अमावस्या मनाई जाएगी। हरियाली अमावस्या मनाते हुए प्रकृति का पूजन कर महत्व बताया जाएगा। इस दिन लोग पूजा पाठ, पितृ तर्पण, दान के साथ ही पेड़-पौधे लगाते हैं और पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लेते हैं। इसे पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। इस दिन भगवान शिव और देवी पार्वती की विशेष पूजा की जाती है। इस वर्ष हरियाली अमावस्या 24 जुलाई को मनाई जाएगी।**

हरियाली अमावस्या के अवसर पर सामाजिक संगठन भी वृहद स्तर पर पौधरोपण की तैयारी कर रहे हैं। अभी वर्षा ऋतु है, ऐसे में चारों ओर हरियाली दिखाई देती है। प्रकृति हरी-भरी बनी रहे, इसके लिए हरियाली अमावस्या पर छायादार वृक्षों के पौधे लगाने चाहिए और इनकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। वहीं ज्योतिषियों का कहना है कि इस बार हरियाली अमावस्या पर 25 वर्ष बाद रवि पुष्य व दुर्लभ शिववास योग सहित कई मंगलकारी योगों का संयोग बन रहा है। इस संयोग में हरियाली अमावस्या पर पूजन अति शुभकारी माना जा रहा है। सावन की अमावस्या के चलते इस दिन पितृ तर्पण भी किया जाएगा।



### उदया तिथिनुसार हरियाली अमावस्या 24 को, पेड़ों की होगी पूजा

हिंदू परपरा में पेड़-पौधों को भगवान के रूप में भी दर्शाया गया है। इसलिए लोग हरियाली अमावस्या के दौरान उनकी पूजा करेंगे। इस दिन पीपल के पेड़ की पूजा करने की प्रथा भी है। हरियाली अमावस्या के दिन पेड़-पौधे लगाना बहुत शुभ माना जाता है। विद्वानों का कहना है कि हरियाली अमावस्या के दिन पितरों को तर्पण देना और दान-पुण्य करना भी बहुत उपयोगी होता है। इस दिन लोग बड़ी संया में पौधे लगाएंगे। ज्योतिषाचार्य जनार्दन शुक्ला ने बताया कि सावन के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि की शुरुआत 24 जुलाई को देर रात 2.28 बजे से होगी। वहीं 25 जुलाई को देर रात 12.40 बजे अमावस्या तिथि का समापन होगा। सनातन धर्म में उदया तिथि मान है। इसलिए उदयातिथि के अनुसार हरियाली अमावस्या का पर्व 24 जुलाई को मनाया जाएगा।



### दिन भर रहेगा शिववास योग

इस वर्ष हरियाली अमावस्या पर रवि पुष्य योग दिन भर रहेगा साथ ही कई शुभ योग बन रहे हैं। ज्योतिषों के अनुसार हरियाली अमावस्या पर 25 वर्ष बाद रवि पुष्य योग, अमृतसिद्धि योग, हर्षण और शिववास योग का शुभ संयोग बन रहा है। रवि पुष्य योग दिन भर है। समापन 25 जुलाई को सुबह 5.39 बजे होगा। हर्षण योग का शुभ संयोग सुबह 9.51 बजे तक है। अमृत सिद्धि योग का योग दिन भर है और समापन 25 जुलाई को सुबह 5.39 बजे होगा। शिववास योग दिन भर रहेगा।



### इस दिन पितरों की करें पूजा

हरियाली अमावस्या प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करने का पर्व है, इस दिन मंदिरों में पूजा-पाठ करने के बाद अमावस्या तिथि के स्वामी पितर देव माने गए हैं। हरियाली अमावस्या के दिन पूजन के लिए शुभ ब्रह्म मुहूर्त सुबह 04.15 बजे से 04.57 बजे तक विजय मुहूर्त, दोपहर 02.44 बजे से 03.39 बजे तक, गोधूलि मुहूर्त शाम 07.17 बजे से 07.38 बजे तक व निशिता मुहूर्त रात्रि 12.07 बजे से 12.48 बजे तक रहेगा। घर-परिवार के मृत सदस्यों को पितर देव माना जाता है। अमावस्या पर पितरों के लिए श्राद्ध कर्म करना चाहिए। इस तिथि पर पितरों के लिए धूप-ध्यान, तर्पण, पिंडदान और दान-पुण्य करना चाहिए।

# कोर्ट में लंबित मामलों के निराकरण के लिए 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत

**भिलाई।** न्यायिक कार्यप्रणाली के त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन के साथ आगामी नेशनल लोक अदालत 13 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं

- न्यायाधीशों की बैठक में प्रकरणों को शामिल किए जाने पर हुई चर्चा



छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देश पर नेशनल लोक अदालत आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसकी तैयारियों को लेकर न्यायाधीशों की बैठक हुई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। नालसा के 90 दिनों तक चलने वाले विशेष अभियान मध्यस्थता राष्ट्र के लिए, न्यायालयों में लंबित 05-10 वर्ष से अधिक पुराने एक्शन प्लान संबंधी मामलों को सुनवाई के लिए रखा जाएगा। इसके लिए अभिलेखागार, प्रतिलिपि, मालखाना एवं डिजिटाइजेशन के कार्य सुचारू रूप से संचालित किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। गवाह खर्च दिलाए, सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने को लेकर भी निर्देश जारी किए गए। लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों नियमित आपराधिक, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक विवाद, पराक्रम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के तहत चेक बाउंस, श्रम विवाद, प्री-लिटिगेशन प्रकरण, न्यायालय में लंबित पुराने प्रकरण, वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित प्रकरण एवं महिलाओं व बच्चों से संबंधित प्रकरणों का आपसी समझौते के आधार पर निराकृत किया जाएगा।

## न्यू फेस स्टार का अवार्ड मिला भिलाई के दिव्य प्रकाश को



**भिलाई।** पिछले दिनों कला सम्मान अवार्ड का आयोजन किया, जिसमें छग के सभी नए फेस कलाकार शामिल हुए।

भिलाई के दिव्य प्रकाश गवेल को न्यू फेस स्टार का प्रथम अवार्ड मिला। वे मैत्री डेन्टल कॉलेज के इंटर्नशिप स्टूडेंट हैं। इसके पहले दिव्य प्रकाश ने भिलाई में मॉडलिंग के साथ फिल्मों में भी काम कर चुके हैं। दिव्य प्रकाश के इस उपलब्धि पर मैत्री डेंटल कॉलेज के चेयरमेन राजेश जैन एवं मेडिकल कॉलेज के संचालक जीडी गवेल ने शुभकामनाएं दी है।

**छत्तीसगढ़ राज्य सब-जूनियर अंडर-15 शतरंज प्रतियोगिता का समापन आज**

# छठवें चक्र में हुए रोमांचक मुकाबले, राज्य के युवा खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन, अंतिम चक्र में आज बनेंगे विजेता

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई। ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के निर्देशन में छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन एवं अग्रसेन जन कल्याण समिति तथा अग्रसेन महिला समिति भिलाई के सहयोग से जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य सब-जूनियर अंडर-15 शतरंज प्रतियोगिता 2025 के छठवें चक्र में अनेक रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जहाँ राज्य के युवा खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रदर्शन किया।**



### हुए रोमांचक मुकाबले

चैंपियनशिप के तीसरे दिन के मैच में मुंगेली के अंशुल शर्मा और रायपुर के देवांश जैन के बीच खेले गए मैच में गेम ऑफ फोर नाइट्स ओपनिंग के तहत मुकाबला हुआ, जिसमें देवांश ने सधे हुए खेल से बाजी मारी। तनीषा ड्रोलिया बनाम आलोक कनोजे के मैच में डच ओपनिंग बनाम एंटी निमजो इंडियन डिफेंस के मध्य संघर्ष देखने को मिला, जहाँ आलोक ने ठोस रणनीति से विजय हासिल की। एक अन्य महत्वपूर्ण मुकाबले में रायगढ़ के ऋषित अग्रवाल ने रायपुर की प्रतिष्ठा अहिरवार को इंग्लिश वेरिएशन पानोव के तहत हराया। 17 जुलाई से 20 जुलाई तक सेक्टर 6 भिलाई स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, सचिव तुलसी सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम बोर्ड पर कोरबा के प्रभमान सिंह मल्होत्रा ने लंदन सिस्टम ओपनिंग खेलते हुए रायपुर के अद्वित पांडेय की होरविट्ज डिफेंस को मात दी और निर्णायक अंदाज में जीत दर्ज की।

### 6 अंकों के साथ प्रभमान शीर्ष स्थान पर

छह चक्रों की समाप्ति के बाद प्रतियोगिता की अंक तालिका में कोरबा के प्रभमान सिंह मल्होत्रा 6 में से 6 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर हैं। रायपुर के देवांश जैन 6 अंकों के साथ ही टाई ब्रेकर के तहत दूसरे स्थान पर और रायपुर के ही आलोक कनोजे 5.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। प्रतियोगिता का संचालन अंतरराष्ट्रीय निर्णायक अलंकार भिवगड़े के निर्देशन में, डिप्टी चीफ आर्बिटर रॉकी देवांगन और शुभम बसोने की देखरेख में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के अगले चक्रों में सभी मुकाबलों में टक्कर दिलचस्प होने वाली है। आज चैंपियनशिप का समापन होगा।



सिटी इवेंट

## शारीरिक शिक्षा को अनिवार्य विषय बनाने मुख्यमंत्री से मांग



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ क्रीड़ा अधिकारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की।प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में शारीरिक शिक्षा एवं खेल विषय को अनिवार्य रूप से लागू किए जाने की मांग रखी। प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि देश के कई राज्यों में प्रभावी ढंग से लागू किया जा चुका है, जबकि छत्तीसगढ़ में इस दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। प्रतिनिधिमंडल ने विद्यार्थियों के समग्र शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास के लिए खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा खिलाड़ियों को समुचित प्रोत्साहन प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। संघ ने शारीरिक कल्याण शुल्क में वृद्धि की मांग करते हुए बताया कि विगत 15 वर्षों से यह शुल्क अपरिवर्तित है, जिससे खिलाड़ियों के आहार, उपकरण, प्रशिक्षण, ट्रैक सूट, यात्रा व्यय एवं प्रतियोगिताओं की तैयारी में गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त खेल अधोसंरचना विकास, मैदानों का सुधार, तथा खेल छात्रावास की स्थापना जैसी महत्वपूर्ण आवश्यकताओं की ओर भी मंत्री का ध्यान आकृष्ट किया गया। इस अवसर पर डॉ. बसंत अंचल, डॉ. मन्नालाल नंदेश्वर, डॉ. दिनेश कुमार नामदेव, मुकेश कुमार घोरे, महेंद्र रजक, मोरध्वज सोनवानी सहित अन्य मौजूद थे।

लाइव इवेंट

## शाला प्रवेश उत्सव में स्टूडेंट्स किए गए सम्मानित, मिली किताबें



**भिलाई।** शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरला में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। अध्यक्षता विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने की। महापौर निर्मल कोसरे विशेष रूप से मौजूद थे। रंगारंग कार्यक्रमों के साथ इस कार्यक्रम में बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित भी किया गया। इस कार्यक्रम में पार्षद ईश्वर लाल साहू, शशिकांत बघेल, ए. गौरीशंकर, संजय बघेल, समीर शर्मा, प्राचार्य मंजू शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।

एजुकेशन इवेंट

## बीएड के परीक्षा परिणाम घोषित अजय प्रथम, कुसुम दूसरे नंबर पर







**भिलाई।** उदय महाविद्यालय जामुल में बीएड चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए गए हैं। बीएड छात्राध्यापकों का परीक्षा परिणाम शत्-प्रतिशत रहा। बीएड के छात्र अजय कुमार डड़सेना ने 82.60 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कुसुम साहू ने 81.80 प्रतिशत द्वितीय स्थान एवं टिकेश्वर 81 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्था के चेयरमेन डॉ. टीआर साहू एवं प्राचार्या डॉ. अलिपा साहू ने छात्रों एवं समस्त शैक्षणिक स्टाफ को बधाई दी। आगामी सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। समस्त सहायक प्राध्यापकों ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रोसाहित किया।

एजुकेशन इवेंट

## याद किए गए डॉ. बघेल कुर्मी क्षत्रिय समाज ने दिया एकजुटता का संदेश



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. खूबचंद बघेल की 125 वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान महापुरुषों की प्रतिमा अनावरण एवं जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह का आयोजन कुर्मी भवन नरदहा में किया गया। सांसद विजय बघेल का समाज के पदाधिकारियों द्वारा शाल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर केन्द्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप, महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा, कोषाध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद, टंक राम वर्मा कैबिनेट मंत्री, अजय चंद्राकर, छाया वर्मा सहित अन्य मौजूद थे। बघेल ने कहा कि हमारे सियान के बारे में हमारी आने वाली पीढ़ी को बताना होगा। राजनीति, कला के बारे में उनके बारे में वर्तमान पीढ़ी को जानना जरूरी है। डॉ. खूबचंद बघेल अपनी पत्नी को कहा करते थे तुम मेरे आंखों की काजल हो। राष्ट्रीय कुर्मी समाज और छत्तीसगढ़ राज्य की कल्पना की। और सबसे पहला सपना उन्होंने देखा। इस अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज, आदि मौजूद थे।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज आनंद सरोवर बघेरा में एक दिवसीय अनुभव युक्त सत्संग का आयोजन

# किसी के अवगुण या बुराई देख उसे स्वयं में धारण करना जीवन में दुःख व अशांति का कारण, मन को शुद्ध कर डायमंड की तरह चमकें

**दुर्ग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर के कमला दीदी सभागार में ब्रह्माकुमारीज के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू राजस्थान से ग्राम विकास प्रभाग के उपाध्यक्ष ब्रम्हकुमार राजू एक दिवसीय अनुभव युक्त सत्संग के लिए पहुंचे थे।

इस दौरान उन्होंने अनुभव युक्त सत्संग द्वारा उपस्थित लोगो को जीवन श्रेष्ठ बनाने के टिप्स देते हुए अपने मन को शुद्द आत्मा मानकर जीवन को डायमंड हीरे जैसे चमकने के लिए किसी के अवगुण या बुराई को न देखने की बातें कही। क्योंकि दूसरों में अवगुणों देखने से आपके जीवन में दुःख व अशांति का कारण बन जाता है।अच्छा देखोगे तो अच्छे ही बनोगे। ब्रह्माकुमारीज दुर्ग संचालिका ब्रह्माकुमारी रीटा बहन ने बीके राजू का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर युक्ति चंद्राणी, मौसमी व लीना ने मनमोहक स्वागत नृत्य किया। बीके रीटा ने बताया कि ब्रम्हकुमार राजू अल्प आयु में ही ब्रह्माकुमारी संस्था में आ गए थे उन्हें संस्था के वरिष्ठ दादी और भाइयों के साथ रहने का सौभाग्य मिला है और अब वे अपना जीवन श्रेष्ठ बनाकर अपने अनुभव युक्त सत्संग द्वारा लाखों आत्माओं का जीवन श्रेष्ठ बना रहे हैं ।





### भीतर के दाग हटाकर सभी आत्माएं डायमंड बने और जीवन में निखार लाएं, तभी आध्यात्म की सार्थकता बनी रहेगी

बीके राजू ने ब्रह्माकुमारी दुर्ग के विभिन्न सेवास्थान से आए हुए भाई-बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्था में निराकार परमपिता परमात्मा शिव ने अपने साकार माध्यम प्रजापिता ब्रह्मा के द्वारा छोटी-छोटी बहनों को संस्था के कार्य अर्थ निमित्त बनाया और वही बहनें पूरे विश्व में अपने संचालन द्वारा परमात्मा ज्ञान से लाखों करोड़ आत्माओं के जीवन को दिव्य व सुखमय बनाने का कार्य कर रही हैं। विश्व में किसी आध्यात्मिक संस्था में सबसे अधिक समय संस्था की संचालन करने वाली दादी प्रकाशमणि के साथ अपने अनुभव को बताते हुए कहा कि दादी कहा करती थी कि हम सभी आत्माएं डायमंड है किंतु देह अभिमान के वश मे है। हममें जो दाग आ गया है उसे दाग को हटाकर हमको डायमंड बनना है। दुनिया में नॉलेज डायमंड जैसे कीमती होता है वैसे ही हमें बनाना है ।

### किसी के अवगुण न देखें, नहीं तो वैसे ही बन जाओगे

अपना अनुभव बताते हुए बीके राजू ने कहा कि भगवान ने हमें सिखाया है कि किसी के दाग अर्थात अवगुण को तुम्हें देखने की जरुरत नहीं है, देखोगे तो दाग तुम्हारे अंदर आ जाएगा। किसी की कमियों को देखोगे तो वैसे ही हो जाओगे हैं। ऐसा कहा जाता है कि ग्रहण को देखने से ग्रहचारी बैठ जाती है इसलिए लोग सूर्य ग्रहण और चंद्र ग्रहण नहीं देखते हैं। आंखें खराब होंगी। वह जीवन में ग्रहण लग जाएगा अर्थात जीवन में दुःख व परेशानी आ जाएगी। यहां किसी पर अगर ग्रहण लग जाए कोई विकार, कोई भी कमी कमजोरी किसी के अंदर आ जाए और हमने अगर ग्रहण देख लिया और उसे ग्रहण कर लिया और कमी या कमजोरी देख ली तो गृहचारी मेरे ऊपर बैठ जाएगी यह ध्यान रखना है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रूपाली ने सबके आत्मिक उत्थान के उद्देश्य से अपना अमूल्य क्षण निकालने के लिए बीके राजू का आभार व्यक्त किया।

नेहरू नगर में आयोजन

## क्रांतिकारी मंगल पांडे पर संगोष्ठी, महान क्रांतिकारी के बलिदान को किया गया याद



**भिलाई।** नेहरू नगर भेलवा तालाब में 1857 गदर के प्रथम नायक मंगल पांडे के जन्म दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य युवाओं के बीच में महान क्रांतिकारी द्वारा किए गए बलिदान एवं राष्ट्रीय भक्ति के भावनाओं को जागृत करना रहा। संगोष्ठी के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी एवं आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक अजय शुक्ला ने बताया कि मंगल पांडे का जन्म जिला बलिया उत्तर प्रदेश में हुआ। 22 वर्ष की उम्र में वे सेना में भर्ती हो गए थे। प्रथम विद्रोह उनके द्वारा किया, जब पता चला कि गाय की चर्बी लगा हुआ गोला जिसे मुंह से खोलना पड़ेगा। उन्होंने इस्तेमाल करने से मना कर दिया। इसका नतीजा यह हुआ की पूरी सेना की पलटन उनके साथ हो गई। वहीं से अंग्रेजों के खिलाफ बगावत की शुरुआत हो गई। उस समय अंग्रेजों का बहुत खौफ था। अंग्रेजों के डर के आगे कोई मुंह नहीं खुलता था, पहले आजादी का आवाज बनकर मंगल पांडे जी मुखर हुए। संघ के तरफ से ओम सिंघानिया ने बताया कि आजादी हमें ऐसे नहीं मिली है। हम कुछ लोगों को ही जानते हैं, लेकिन इसके पीछे ऐसे महान लोग छिपे हैं। विश्व हिंदू परिषद के शैलेंद्र परिहार ने बताया मंगल पांडे को फांसी बहुत क्रूरता के साथ दी गई थी। इससे बाकी क्रांतिकारियों के अंदर डर बैठ जाए। कार्यक्रम में पंकज चौरसिया, देवेश सिंह, एमपी सिंह, नरेश गुप्ता, जीपी सोनी, रितेश वर्मा, प्रताप डीजे, सुनील यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### सुखदेव राज स्मृति समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक आज

**भिलाई।** क्रांतिवीर सुखदेव राज स्मृति समारोह समिति के पुनर्गठन बाद अध्यक्ष कनक तिवारी ने समिति की पहली औपचारिक बैठक 20 जुलाई को सिविक सेंटर भिलाई स्थित भिलाई हाउस के इंडियन कॉफ़ी हाउस कांफ्रेंस हॉल में आयोजित की है। इसमें सभी पदाधिकारियों तथा सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में क्रांतिवीर सुखदेव राज के इंदिरा मार्केट दुर्ग स्थित जर्जर आवास के संरक्षण तथा जिले के अण्डा ग्राम स्थित स्मारक को बचाए रखने के लिए विचार विमर्श कर रणनीति बनाई जाएगी। समिति द्वारा 50 साल पहले अण्डा स्थित क्रांतिकारी सुखदेव राज के आश्रम स्थल पर उनकी प्रतिमा स्थापित की गई थी। उसका अनावरण तत्कालीन मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्यामचरण शुक्ल तथा शहीदे आजम सरदार भगत सिंह के भाई कुलतार सिंह एवं सुखदेव राज के पांच क्रांतिकारी मित्रों ने किया था। यह जानकारी समिति के महासचिव बीके वर्मा ने दी।

स्वस्थ आहार कर रहें निरोगी

## दंत परीक्षण शिविर में 1200 से ज्यादा बच्चों का किया परीक्षण



- शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों ने स्वास्थ्य शिविर में दी सेवाएं

**भिलाई।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन दुर्ग-भिलाई शाखा के डॉक्टरों द्वारा स्माइल फाउंडेशन के सहयोग से शनिवार को कृष्णा पब्लिक स्कूल सुंदर नगर में दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 1200 बच्चों का परीक्षण किया गया। सभी बच्चों को विभिन्न ब्रशिंग टेक्निक के साथ स्वस्थ आहार की जानकारी दी गई। शिविर में स्कूल के प्राचार्य राजेश किन्हेकर, उप प्राचार्य माया मिश्रा का विशेष सहयोग रहा। आईडीए की ओर से अध्यक्ष डॉ. फातिमा खान एवं डॉ मंजू यादव, डॉ. सविता कब्डवाल, डॉ. सायली कुरैशी, डॉ. श्रेणिक नाहटा, डॉ. आस्था श्रीवास्तव, डॉ. गौरव अग्रवाल, डॉ. लवप्रीत कौर, डॉ. सुबि फरहाद, डॉ. भारती प्रसाद, डॉ. सिद्धार्थ शर्मा आदि ने सेवाएं दी। संस्था की संचालिका संतोष खंडूजा का विशेष योगदान रहा। डॉक्टरों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### ईएसआईसी पर स्नेहल ने किया शोध, मिली पीएचडी



**भिलाई।** हेमचंद् यादव विश्वविद्यालय दुर्ग ने स्नेहल राणा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। शोधार्थी का शोध विषय कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की योजनाओं और लाभ का आर्थिक प्रभाव था। उनके शोध निदेशक डॉ. विमल कुमार सहायक प्राध्यापक शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय जुनवानी एवं सह शोध निदेशक डॉ. रविश कुमार सोनी सहायक प्राध्यापक कल्याण कॉलेज है। शोधार्थी को शोध के दौरान यह ज्ञात हुआ कि कर्मचारी ईएसआईसी योजनाओं और लाभों के बारे में जानते हैं, क्योंकि वे आवश्यक हैं। फिर भी कार्यक्रमों और लाभों की पूरी समझ के बारे में जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। इसलिए इनके बारे में व्यापक जानकारी देना नियोक्ता और सरकार की जिम्मेदारी है।

41 वें इंस्टॉलेशन समारोह में सेवा कार्यों की तय की गई दिशा

# स्मार्ट क्लासरूम, स्वच्छता और सुविधाओं के साथ रोटरी क्लब जरूरतमंद बच्चों को करेंगे जागरूक, सरकारी स्कूलों में नई पहल की घोषणा

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** रोटरी क्लब ऑफ दुर्ग ने अपना 41वां इंस्टॉलेशन समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों और सदस्यों की उपस्थिति में नए कार्यकारिणी बोर्ड को औपचारिक रूप से जिम्मेंदारी सौंपी गई और आगामी वर्ष के सेवा कार्यों की दिशा तय की गई। मुख्य अतिथि के रूप में अमित जायसवाल डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, विशिष्ट अतिथि डॉ. शशांक रस्तोगी पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर और एजी रोटेरियन मयंक रोजिंदर, डीएसजी रोटेरियन सोम अग्रवाल और रोटेरियन नवीन भावसार डिस्ट्रिक्ट मैनेजमेंट टीम मौजूद रहे। समारोह की शुरुआत निवर्तमान अध्यक्ष रोटेरियन विनीत अग्रवाल और रोटेरियन परिक्षित सिंह गुप्ता के संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने पिछले वर्ष की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इनमें बोरी के शासकीय स्कूल में कक्षा कक्ष निर्माण के लिए की गई बड़ी फंडरेजिंग उल्लेखनीय रही।




### सरकारी स्कूलों के लिए होगी नई पहल

नव-निर्वाचित अध्यक्ष रोटेरियन पंकज कोठारी ने आगामी वर्ष के लिए क्लब की महत्वाकांक्षी योजना साझा की। उन्होंने कहा, हम स्मार्ट क्लासरूम, स्वच्छता सुविधाएं और जरूरतमंद बच्चों के लिए जागरूकता अभियान जैसी पहल कर सरकारी स्कूलों में सकारात्मक बदलाव लाना चाहते हैं। पीडीजी डॉ. शशांक रस्तोगी ने रोटरी इंटरनेशनल के माध्यम से शैक्षिक प्रोजेक्ट्स के लिए फंड जुटाने का आश्वासन दिया। वहीं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अमित जायसवाल ने नई समिति को शुभकामनाएं दीं और रोटरी के क्षेत्रीय नेटवर्क में सहयोग को और मजबूत करने की बात कही। समारोह का संचालन प्रतीक पिथलिया ने कुशलतापूर्वक किया, जबकि रोटेरियन राहुल भंडारी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### जिले के प्रबुद्धजन इसके मेंबर

रोटरी क्लब ऑफ दुर्ग में दुर्ग और भिलाई के प्रबुद्ध व्यवसायी, शिक्षाविद और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े सदस्य शामिल हैं, जो सामुदायिक विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। क्लब के कई सदस्य फ्रीडम थ्रू एजुकेशन पहल के लिए प्रसिद्ध भिलाई राउंड टेबल से भी सक्रिय रूप से जुड़े हैं, जिसका उद्देश्य सरकारी स्कूलों में कक्ष निर्माण कर बच्चों को शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। समारोह में क्लब के पूर्व और वर्तमान पदाधिकारियों के साथ-साथ भिलाई राउंड टेबल के सदस्य भी शामिल हुए, जो सामूहिक प्रयासों के माध्यम से समाज के उत्थान के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**खबर संक्षेप**

### तहसीलदार, नायब तहसीलदारों के कार्यक्षेत्रों में बदलाव

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पूर्व में जारी आदेशों में आंशिक संशोधन कर जिले अंतर्गत तहसीलदार, नायब तहसीलदारों के कार्यक्षेत्रों में बदलाव किया है। जिसके अनुसार तहसीलदार तार सिंह खरे को तहसील कार्यालय धमधा से तहसील कार्यालय बोरी में, तहसीलदार मीना साहू को तहसील कार्यालय पाटन से धमधा में, तहसीलदार रवि विश्वकर्मा को तहसील कार्यालय बोरी से भिलाई-3 में तथा तहसीलदार पवन ठाकुर को तहसील कार्यालय भिलाई-3 से पाटन में पदस्थ किया गया हैं। इसी प्रकार ना. तहसीलदार धर्मेश श्रीवास्तव तहसील कार्यालय बोरी से पाटन में, ना. तहसीलदार रमाकांत पटेल को तहसील कार्यालय पाटन से बोरी में, ना. तहसीलदार चंद्रशेखर कंवर (परि.) को तहसील कार्यालय भिलाई-3 से अहिवारा में तथा नायब तहसीलदार कुंदनलाल शर्मा को तहसील कार्यालय अहिवारा से भिलाई-3 में पदस्थ किया गया हैं।

### चंद्रा-मौर्या अंडर ब्रिज से पानी निकासी कराई गई

**भिलाई।** चंद्रा-मौर्या अंडर ब्रिज से शनिवार को पानी निकासी दुरुस्त कराई गई। अंडर ब्रिज के आसपास प्रकाश व्यवस्था के इंतजाम किए जाएंगे। बता दें कि लोहे की जाली में टूट-फूट हो गई थी। इसे लेकर समाजसेवी प्रशांत क्षीरसागर ने नगर निगम भिलाई से मांग की। इसके बाद मेंटेनेंस कराया गया। बता दें कि इस मार्ग का उपयोग टाउनशिप की तरफ आवाजाही के लिए किया जा रहा है। बारिश के दिनों में पानी जमा होने से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ती है। लगातार इसे लेकर शिकायत की जा रही थी। इसे देखते हुए निगम ने पानी निकासी के इंतजाम किए।

### चुनाव में लगे वाहनों के भुगतान की प्रक्रिया जारी

**दुर्ग।** त्रि-स्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव 2025 में संलग्न निजी बसों और छोटे वाहनों के भुगतान की प्रक्रिया चल रही है। जानकारी के अनुसार जिन वाहन मालिकों के वाहनों का अधिग्रहण निर्वाचन कार्य के लिए किया गया था, वे 21 जुलाई से 25 जुलाई तक जिला क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपने देयकों, अन्य जानकारियों का अवलोकन कर सकते है।

**प्रदर्शन : दुर्ग, पाटन, कुम्हारी, रिसाली सहित अन्य जगहों पर कांग्रेसियों का फूटा गुस्सा**

# ईडी की कार्रवाई व गिरफ्तारी पर जिलेभर में कांग्रेस का प्रदर्शन, पुतला फूंक की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी और लगातार ईडी की छापामार कार्रवाई को लेकर कांग्रेस ने जिलेभर में प्रदर्शन किया। कांग्रेसी दुर्ग, पाटन, कुम्हारी, अहिवारा, रिसाली सहित अन्य जगहों पर जुटे। उन्होंने ईडी का पुतला जलाया। जमकर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर यह प्रदर्शन किया गया। जिले के लगभग सभी दिग्गज कांग्रेस नेता प्रदर्शन में शामिल हुए। पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि भाजपा का असली चेहरा जनता के सामने आ चुका है।

भाजपा लोकतंत्र में विपक्ष को खत्म करने और डराने-धमकाने की साजिश रच रही है। पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि प्रदेश और देश में जंगल राज स्थापित नहीं होने देंगे। हर मोर्चे पर ईडी की कार्रवाई का विरोध किया जाएगा। बता दें कि एक दिन पहले ईडी ने चैतन्य बघेल को उनके भिलाई-तीन स्थित निवास से गिरफ्तार कर लिया था। बहरहाल उन्हें 5 की रिमांड पर पूछताछ के लिए रखा गया है। शनिवार को भी पूछताछ जारी रही। खबर है कि शराब घोटाले के कई आरोपियों के सामने बैठाकर उनसे पूछताछ की गई।

**22 जुलाई को चक्काजाम की तैयारी, जुटेंगे कांग्रेस के दिग्गज नेता**



### दुर्ग में घटना की निंदा, सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग का विरोध

दुर्ग में पूर्व विधायक अरुण वोरा के नेतृत्व में पुतला फूंका गया। गिरफ्तारी की निंदा की गई। सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग पर विरोध दर्ज कराया गया। वोरा ने कहा कि कांग्रेस नेताओं के बढ़ते प्रभाव और लोकप्रियता से भाजपा घबराई हुई है। अब ईडी और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के सहारे बदले की राजनीति कर रही है। पूर्व महापौर आरएन वर्मा ने भी घटना की निंदा की। इस अवसर पर पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, अय्यूब खान, रत्ना नारमदेव, राजेंद्र साहू, परमजीत सिंह भुई, पोषण साहू, संजय कोहले, भोला महोबिया, दीपक साहू, नासिर खोखर सहित अन्य मौजूद थे।

### पाटन में पुतला दहन के दौरान पुलिस के साथ झूमाझटकी

**पाटन।** कांग्रेस ने कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी का पूरजोर विरोध किया है। अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में कांग्रेसियो ने शनिवार को पाटन के आत्मानंद चौक में पहले सभा की। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, अडानी व भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर पुतला दहन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झूमाझटकी भी हुई। ठाकुर ने कहा कि विधानसभा सत्र के आखिरी दिन छापा मारने की कार्रवाई साजिश है। भूपेश बघेल रायगढ़ जिले के तमनार तहसील में अडाणी समूह की कोयला खदान परियोजना के लिए पेड़ों की कटाई का मुद्दा उठाना चाह रहे थे। यह खदान महाराष्ट्र राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड को आवंटित है, जिसने एमडीओ (खदान विकासकर्ता सह संचालक) का ठेका अदाणी समूह को दिया है। इस वजह से यह कार्रवाई की गई। प्रदर्शन के दौरान पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा, महेंद्र वर्मा, राजेश ठाकुर, हेमंत देवांगन, जवाहर वर्मा, पूर्व मंडी अध्यक्ष अश्वनी साहू, जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू सहित अन्य मौजूद थे।



### रिसाली में कांग्रेसियों का फूटा गुस्सा, जमकर नारेबाजी



**भिलाई।** रिसाली में कांग्रेसियों ने ईडी का पुतला दहन किया। रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री के घर बार- बार ईडी का छापा मारा जा रहा है। भाजपा सरकार के इशारे पर ईडी जांच के लिए पहुंच रही है। यह डराने की साजिश है। कांग्रेस इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। हर मोर्चे पर इसका विरोध किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान अध्यक्ष मुकुंद भाऊ , महामंत्री चंद्रकांत कोरे, सनीर साहू, अनिल देशमुख, ममता यादव, जमुना ठाकुर, रोहित धनकर,पार्षद सोनिया देवांगन, विनय नेताम, अनूप डे, चन्द्रभान ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

### कुम्हारी में स्टेशन चौक पर प्रदर्शन, पुतला जलाकर दर्ज कराया विरोध

कुम्हारी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी के तत्वावधान में शनिवार को स्टेशन चौक कुम्हारी में बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकताओं ने ईडी का पुतला फूंका गया। वहीं विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने एक सुर में ईडी के कार्यप्रणाली पर संदेह जताते हुए भारी रोष जताया। इस मौके पर प्रदर्शन में उपस्थित खैरागढ़ की विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि प्रदेश में जिस तरह से जंगलों की कटाई की जा रही है। संस्थानों को निजी हाथों में सौंपा जा रहा है। यह चिंता का विषय है। कार्रवाई निंदनीय है। कांग्रेस कार्यकर्ता इसका पुरजोर विरोध करते हैं। आने वाले समय में पार्टी नेतृत्व के आदेशानुसार कार्यकर्ता सड़क की लड़ाई लड़ने के लिए मजबूर होंगे। विरोध प्रदर्शन करने वालों में अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, स्वप्निल उपाध्याय, राजेश्वर सोनकर, नेता प्रतिपक्ष जानकी ध्रुव, विधायक प्रतिनिधि रामकुमार चक्रधारी, विनोद साहू, गिरीश देवांगन, पार्षद डिकेन्द्र साहू, लेखराम साहू सहित अन्य शामिल थे।



### एक पेड़ मां के नाम अभियान, विधायक गजेन्द्र यादव ने किया पौधारोपण



**दुर्ग।** दुर्ग वनमंडल द्वारा नगर सेनानी कार्यालय में आज एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृहद स्तर पर पौधारोपण किया गया। परिसर को ग्रीन जोन के रूप में विकसित करने विधायक गजेन्द्र यादव ने स्वयं पौधा रोपे। इसके बाद अन्य जनप्रतिनिधियों और स्काउट्स-गाइड्स कैडेट्स ने साथ मिलकर फलदार और छायादार पौधा रोपित किया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति आम जनमानस को प्रेरित किया। इस दौरान विधायक और कलेक्टर ने स्काउट्स के उत्कृष्ट कैडेट्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर रचनात्मक गतिविधियों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने उनका उत्साहवर्धन किया। यादव ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम सिर्फ एक पौधारोपण अभियान नहीं, इसमें भावनाएं है, जिसमें कृतज्ञता, प्रेम और प्रकृति के प्रति सम्मान की जड़ें हैं। आने वाली पीढ़ियों को हरियाली से जोड़ने तथा जलवायु संकट से निपटने में सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए एक पौधा रोपित कर उसके संरक्षण करने आव्हान किया। इस अवसर पर सभापति श्याम शर्मा, जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, कलेक्टर अभिजीत सिंह, वन मंडलाधिकारी दीपेश कपिल, वन रक्षक एम. मारिबेला सहित अन्य मौजूद थे।

### सीन ऑफ क्राइम में फिंगरप्रिंट और फोटोग्राफी को लेकर कार्यशाला



**भिलाई।** बढ़ते अपराध को लेकर सेक्टर 6 स्थित कला मंदिर सिविक सेंटर में सीन ऑफ क्राइम में फिंगर प्रिंट और फोटोग्राफी को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस दौरान एसएसपी विजय अग्रवाल, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट राकेश नरवरे, फोटोग्राफर मोहम्मद वशीम पुलिस मुख्यालय मौजूद थे। एसएसपी विजय अग्रवाल ने ट्रेनिंग में कहा कि सीन ऑफ क्राइम में घटना स्थल झूठ नहीं बोलता, साक्ष्य कैसे पेश किया जाए यह फोटोग्राफी से संभव है। फोटोग्राफी को सीन ऑफ क्राइम के साथ सिक्रोनाइज करना चैलेंज है। हर थाने में फिंगरप्रिंट उठाने का किट उपलब्ध है।

घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित करने के लिए आवश्यक है। हर थाने में इस विषय के 3-4 कर्मचारी हो,इसकी प्रेक्टिकल कराई जाए। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट रमेश कुमार नरवरे ने कहा कि क्राइम सीन को कैसे प्रिजर्व किया जाता है और साक्ष्य के रूप में कैसे उपयोग में लाया जाता है।विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया, घटनास्थल में फिंगर प्रिंट तीन प्रकार से पाए जाते है रंगीन (विजिबल), इनविजिबल,नग्न ऑखों से दिखाई नहीं देता, मैग्नीफाईन ग्लास से दिखाई देता है। फिंगर प्रिंट, बलगर विजिटिंग कार्ड टाइप होता ह। मोल्डेड फिंगरप्रिंट, प्लास्टिक फिंगर प्रिंट (सांचा ढलाई वाला फिंगरप्रिंट), जहॉं पर नया-नया पेंट किया गया हो। प्रशिक्षण में ग्रामीण एएसपी अभिषेक झा, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, डीएसपी पुलिस लाइन चन्द्र प्रकाश तिवारी, निरीक्षक नीलकंठ वर्मा समेत पुलिस कर्मि मौजूद थे।

# कच्ची सड़क व गड्ढों में डाला जाए डस्ट

**कहीं भी जमा न हो बारिश का पानी, निर्णय**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र में स्वीकृत विकास कार्यों की प्रगति को लेकर लोककर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर ने गुरुवार को निगम कार्यालय में एक समीक्षा बैठक आयोजित की। इस बैठक में सभी ज़ोन इंजीनियर, उपयंत्री सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। चन्द्राकर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नगर क्षेत्र में चल रहे सभी निर्माण व विकास कार्यों को तय समयसीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता को मूलभूत सुविधाएं देने में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में बरसात के मौसम के कारण उत्पन्न हो रही जलभराव की समस्या पर भी विशेष चर्चा हुई। प्रभारी ने अभियंताओं को निर्देश दिए कि ऐसे स्थानों की पहले से पहचान कर आवश्यक नाली निर्माण, मरम्मत एवं सफाई के कार्य प्राथमिकता पर पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि तकनीकी कमियों के कारण जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए पूर्व तैयारी ज़रूरी है।

- लोककर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर ने अधिकारियों की ली बैठक, दिए निर्देश
- निचली बस्तियों में जमा ना हो बारिश का पानी

### सभी 60 वार्डों में व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

चंद्राकर ने नगर निगम क्षेत्र के 60 वार्डों की कच्ची सड़कों पर डस्ट (मिट्टी) डलवाने के कार्य को सतत रूप से जारी रखने के निर्देश भी दिए, ताकि बरसात के दौरान नागरिकों को आवागमन में परेशानी न हो। उन्होंने अधिकारियों को यह भी कहा कि शहर में जो भी कार्य अधूरे हैं, उन्हें शीघ्रता से पूर्ण करें और नियमित रूप से निगरानी रखें। बैठक के दौरान कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, आरके जैन, संजय ठाकुर, हरिशंकर साहू, अर्पणा मिश्रा, पंकज साहू, विकास दमाहे, प्रेरणा दुबे व विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान लंबित कामों को लेकर भी चर्चा की गई।

# छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा आज, जिले में बनाए गए 17 केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 20 जुलाई 2025 को जल संसधान विभाग में उप अभियंता सिविल व उप अभियंता विद्युत, यांत्रिकी की परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिले में जल संसधान विभाग में उप अभियंता सिविल व उप अभियंता विद्युत, यांत्रिकी की परीक्षा के लिए 17 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

परीक्षार्थी यदि सांस्कृतिक पोशाक अथवा धर्म से संबंधित धार्मिक परिधान के वस्त्र धारण कर परीक्षा केन्द्र में आते हैं तो वह कम से कम 2.30 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पंहुचे ताकि समय पर उनका फिस्किंग एवं पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। परीक्षार्थी, परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पंहुचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। उदाहरण के लिए यदि कोई परीक्षा प्रातः 10.00 बजे से प्रारंभ हो रहा है तो मुख्य द्वार प्रातः 09.45 बजे बंद कर दिया जाएगा। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घड़ी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। प्रवेश पत्र के सभी पेज का प्रिंट आउट ले और पेज के केवल एक तरफ प्रिंट करें, क्योकि प्रत्येक परीक्षा हेतु व्यापम की प्रति परीक्षा केन्द्र में जमा हो जाएगी।

# कमिश्नर ने 9वीं के विद्यार्थियों से सुना पहाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- प्राचार्य को गंभीरतापूर्वक अध्यापन कराने कहा



संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने दुर्ग जिले के विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बेलौदी स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और आंगनबाड़ी केन्द्र तथा ग्राम नगपुरा स्थित ग्राम पंचायत एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। साथ ही संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान दुर्ग एसडीएम हरवंश सिंह मिरी भी मौजूद थे। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलौदी में कक्षा नवमीं, दसवीं एवं बारहवीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों से रू-ब-रू चर्चा कर शिक्षण व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय आने और शिक्षकों द्वारा कराये जा रहे अध्यापन अच्छी तरह समझने की समझाइश दी। यदि पाठ्यक्रम समझ में न आए तो शिक्षकों से पुनः अध्यापन कराने अनुरोध करें। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने कक्षा नवमीं के विद्यार्थियों से 13 एवं 19 के पहाड़े सुने। उन्होंने असहज पूर्वक प्रस्तुति पर असंतोष व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्राचार्य को निर्देशित किया कि स्कूल के शिक्षक विद्यार्थियों को गंभीरतापूर्वक पाठ्यक्रम का अध्यापन करायें। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने शिक्षकों की उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया। प्राचार्य श्रीमती कुमुद सिंह ने विद्यालय के शैक्षणिक सुविधाएं एवं व्यवस्था से अवगत कराया। उन्होंने विद्यालय की समस्याओं की ओर संभाग आयुक्त का ध्यान आकृष्ट किया। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने बेलौदी स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 का निरीक्षण किया। मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रोहिणी देशमुख और सहायिका सुमीन ठाकुर ने बच्चों की उपस्थिति और आंगनबाड़ी के गतिविधियों से संभाग आयुक्त को अवगत कराया। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने बच्चों को दी जाने वाली पोषक आहार एवं पेयजल पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। ग्राम पंचायत नगपुरा में निरीक्षण के दौरान संभाग आयुक्त श्री राठौर ने पंचायत के रोकड़ बही पंजी का निरीक्षण किया और पंचायत सचिव को स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण और पौधरोपण जैसे कार्यों को विशेष महत्व देने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने ग्रामवासियों से रू-ब-रू चर्चा कर पंचायत से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली।

**19 उर्वरक विक्रय केन्द्रों का बेचने पर लगा प्रतिबंध**

# संभाग में डिमांड का 80 प्रतिशत उर्वरक उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- विभिन्न जिलों को प्रदाय करने रेक लगेगी



दुर्ग संभाग में अच्छी बारिश होने के कारण खरीफ 2025 में फसलों की बोनी का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। धान की रोपाई का कार्य जारी है। खाद, बीज की उपलब्धता समय पर सुनिश्चित किये जाने कृषि विभाग द्वारा बीज एवं खाद के भण्डारण वितरण की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है।

संयुक्त संचालक कृषि के अनुसार दुर्ग संभाग में अप्रेल 2025 से 18 जुलाई तक मांग के विरूद्ध 80 प्रतिशत उर्वरक उपलब्ध कराया जा चुका है। यूरिया 99362 मि. टन, डीएपी 33856 मि. टन, एसएसपी 66818 मि. टन, पोटाश 26405 मि. टन एवं एनपीके 46079 मि. टन मार्कफेड द्वारा संभाग के डबल लॉक एवं सहकारी समितियों में भण्डारित कराया गया है। कुल 272519 मि.टन उर्वरक उपलब्धता के विरूद्ध 216908 मि. टन का किसानों को वितरण कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से किया जा चुका है। आगामी 2-3 दिनों में यूरिया 5199.59 मि. टन एवं डीएपी 1350 मि. टन संभाग के विभिन्न जिलों को प्रदाय करने रेक लगने वाली है।

इस वर्ष डीएपी खाद की उपलब्धता सीमित होने के कारण किसानों को वैकल्पिक खाद के रूप में एसएसपी और एनपीके खाद अपनाने की सलाह दी जा रही है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के अनुशंसा अनुसार प्रति एकड़ संतुलित उर्वरक उपयोग के विकल्प से संबंधित पोस्टर बैनर सभी समितियों में लगाया गया है। एक बोरी डीएपी के स्थान पर 20 किग्रा. यूरिया और डेढ़ बोरी (75 किग्रा.) एसएसपी का उपयोग कर किसान डीएपी के बराबर पोषक तत्वों की पूर्ति फसल में कर सकते हैं। इससे किसान को एक बोरी डीएपी की लागत राशि 1350 रूपए की तुलना में राशि 892 रूपए ही वहन करना पड़ेगा। समस्त निजी कृषि केन्द्रों एवं सहकारी समितियों का मैदानी अमलों और उर्वरक निरीक्षकों द्वारा अभियान चलाकर निरीक्षण किया जा रहा है। संभाग में 18 जुलाई 2025 की स्थिति में 19 उर्वरक विक्रय केन्द्रों का विक्रय प्रतिबंध, 03 विक्रय केन्द्रों का लायसेंस निलंबन एवं 01 विक्रय केन्द्र का लायसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की जा चुकी है।

शैलदेवी महाविद्यालय
ADMISSION OPEN
BA (Home Science Geography)
BSc Maths CS/Bio
BCA AICTE Approved
BCom
MCom
MSW
MA Hindi
DCA
PGDCA
B.Lib
PG Diploma in YOGA
BEd
DEIEd
BSc BEd
MSc Physics & Chemistry Computer Science
Anda, Durg
☎ : 9575037637, 6265377477

## खबर संक्षेप



### अखरा में निकलेगी भव्य जगन्नाथ रथयात्रा

**पाटन।** भगवान जगन्नाथ स्वामी मंदिर ट्रस्ट अखरा की बैठक अमरचंद वर्मा मुख्य न्यासी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें विगत दिनों आयोजित भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा की समीक्षा की गयी। इस दौरान आगामी वर्ष में रथ की आकार बढ़ाने तथा वर्तमान रथ को मोडिफाई कर और आर्कषक एवं भव्यता लाने पर सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई। मंदिर प्रांगण की आहात (बाउंड्रीवाल) की ऊँचाई कम होने के कारण असामाजिक तत्वों के द्वारा मंदिर ट्रस्ट के संपत्ति को क्षति पहुंचाने का असफल प्रयास किया गया है, जिसके मद्देनजर आहता के ऊपर लोहे का एंगल और कांटातार लगाकर ऊँचाई बढाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष कौशल आडिल के द्वारा वत्तीय वर्ष की आय-ब्यय ट्रस्ट के सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसमें कुल आय 2008299: 57 रुपये एवं कुल व्यय 1419144: 07 रुपये और कुल लाभ की राशि 589155: 50 रुपये प्राप्त हुआ है।

## दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में खेल प्रतिभाओं को खुले मैदान में खेलने का मिलेगा अवसर

# खेल ग्राम खम्हरिया में 19 एकड़ में बनेगा संभागीय खेल स्टेडियम, उतई में 2 करोड़ का इनडोर, मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में खेल गांव खम्हरिया और उतई में खेल प्रतिभाएं और निखरेगी। इन दोनों जगह पर खेल स्टेडियम निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने मंजूरी दे दी है और पैसा भी स्वीकृत कर दिया है। इनडोर स्टेडियम उतई में 2 करोड़ की लागत से निर्माण राशि स्वीकृत की गई है। खम्हरिया संभागीय बहुउद्देश्यीय स्टेडियम के लिए 15 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है।



### स्टेडियम निर्माण में यह चल रही है तैयारी

#### खम्हरिया में गौठान को करना होगा शिफ्ट

खम्हरिया में 19 एकड़ क्षेत्रफल में बहुउद्धेश्यीय स्टेडियम का निर्माण किया जाना है। इसलिए यहां एक बड़ी जगह की जरूरत पड़ेगी। जिस जगह पर स्टेडियम निर्माण चिहिंत किया गया है वहां पर गौठान भी है। गौठान को दूसरी जगह शिफ्ट करने पर ही पर्याप्त जगह मिल सकेगी। इस हिसाब से कार्ययोजना तैयार कर स्वीकृति ली गई है।

#### उतई में साढ़े 3 एकड़ जमीन से हटाया कब्जा

नगर पंचायत उतई के अंतर्गत वार्ड क्रमांक एक में इनडोर स्टेडियम का निर्माण होना है। इस जगह पर गौठान भी है। गौठान से लगे साढ़े 3 एकड़ जमीन को भूमाफियाओं ने कब्जा कर लिया था। नगर पंचायत द्वारा कब्जा हटाकर खाली करवाया गया है। इससे आगे और भी इतनी ही जमीन खाली है। इस जगह पर निर्माण की योजना है।

#### इनडोर स्टेडियम से यह फायदा

इनडोर स्टेडियम में कई प्रकार के खेल खेले जा सकते हैं। कुछ सामान्य खेल जो इनडोर स्टेडियम में खेले जाते हैं, उनमें बैडमिंटन, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, कबड्डी, और बैडमिंटन शामिल हैं। इसके अलावा इनडोर स्टेडियम में जिम्नास्टिक, जूडो, और कुश्ती जैसी खेल सुविधाएं भी विकसति किए जाएंगे।

#### संभागीय बहुद्देश्यीय खेल स्टेडियम में यह सुविधा

संभागीय बहुउद्धेश्यीय खेल स्टेडियम में आठ लेन का सिंथेटिक्स ट्रैक निर्माण किया जाएगा। 350 सीटिंग गैलरी होगी। बैंडमिंटन हॉल और प्रशासनिक भवन भी यहां बनेगा। ग्रास फुटबॉल मैदान का निर्माण होगा। पीटीआई और खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम भी बनना है। यह स्टेडियम पूरे दुर्ग संभाग के लिए बनाया जाना है। जहां स्टेट और नेशनल स्तर की खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित हो सकेगी।

#### खिलाड़ियों को मिलेगा बढ़ावा

उतई और उससे आसपास लगे गांव के बच्चे खुले में प्रेक्टिस करते हैं। उन्हे सुविधायुक्त खेल मैदान की जरूरत को समझा और प्रस्ताव नगर पंचायत से भेजा गया था। राज्य सरकार से पैसे की मंजूरी आ गई है। चिहिंत जगह पर कब्जा था उसे भी हटवा लिया है। खिलाड़ियों को बढ़ावा मिलेगा।

**-सरस्वती साहू,**
अध्यक्ष नगर पंचायत उतई

#### उभरेगी खेल प्रतिभाएं



दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। कबड्डी, खो-खो, तैराकी और अन्य खेलों में बच्चों ने नेशनल स्तर पर अपनी प्रतिभाएं पेश की है। बच्चों को बुनियादी सुविधाओं की जरूरत मैनें महसूस की। मैं उनके बीच जाता हूं तो वे यही समस्याएं बताते हैं। इसलिए प्रस्ताव को मंजूरी दिलवाई। खेल प्रतिभाएं और उभरेगी।

**-ललित चंद्राकर,** विधायक दुर्ग ग्रामीण

#### बारिश और गर्मी में खुले में करते हैं अभ्यास

खम्हरिया खेल गांव के रूप में इसलिए जाना जाता है कि यहां सबसे ज्यादा खिलाड़ियों ने स्टेट व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उतई के खिलाड़ी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला ग्राउंड में जाकर प्रेक्टिस करते हैं। बारिश और गर्मी के दिनों में इन खिलाड़ियों की प्रेक्टिस प्रभावित होती है। इनडोर स्टेडियम बनने से खिलाड़ी अपना नियमित अभ्यास कर सकेंगे।

## इस्पात नगर रिसाली में बीएसपी ने हटाए कब्जे



विरोध के बीच हुई कार्रवाई

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग ने शनिवार को इस्पात नगर रिसाली में अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की। यहां जेसीबी मशीनों के माध्यम से स्थाई कब्जे को तोड़ा गया। इस दौरान कब्जेधारकों द्वारा बीएसपी अधिकारियों से विवाद भी हुआ जिसे पुलिस की सहायता से सुलझा लिया गया। संपदा न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 867/2025 में आदेश 4 जुलाई के आधार पर यह कार्यवाही की गई। पक्के मकान को जेसीबी से तोड़ा गया। संदर्भित आदेशानुसार वार्ड नम्बर 29 इस्पात नगर रिसाली भिलाई स्थित बी.एस.पी. की भूमि से अवैध कब्जाधारियों के विरूध्द संपदा न्यायालय द्वारा डिक्री आदेश जारी कर अवैध कब्जाधारियो की बेदखली हेतु निर्देश जारी किया गया था। संपदा न्यायालय के आदेश के अनुपालन में प्रवर्तन अनुभाग की टीम पहुंची। इस दौरान नेवई थाना प्रभारी कमल सिंह सेंगर सहित महिला पुलिस व पुलिस बल की उपस्थिति तथा कार्यपालक मजिस्टेट दिलेश्वर साहू के निर्देश एव उपस्थिति भी रही। कार्यवाही में महाप्रबंधक नगर सेवाएं के के यादव की मौजूदगी में भूमि अनुभाग के सर्वेक्षक डाकेश्वर परगनिहा, त्रिभुवन कौशिक के भूमि चिन्हांकन पश्चात कार्यवाही की गई। 150 लोगो की टीम कार्रवाई में शामिल रही।

## उरला में रोपे पौधे, सहेजने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भाजपा चरोदा मंडल द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ग्राम उरला में पौधा रोपा गया। सांसद विजय बघेल व अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा कार्यक्रम में मौजूद थे।

सांसद बघेल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी हम सभी की है। इसलिए हर व्यक्ति पौधा जरूर रोपे। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के उपाध्यक्ष खिलावन साहू, सतीश साहू, दिलीप पटेल, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शशिकांत बघेल, सीता साहू, जीएसबी सेंटरम के डायरेक्टर संजय बघेल, मंडल अध्यक्ष ए गौरी शंकर, भाजपा नेता गोपाल महतो आदि मौजूद थे।



## कथा में पेयजल और सफाई व्यवस्था संभालेगा निगम


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय द्वारा सिविक सेंटर समीपस्थ जयंती स्टेडियम, शिव महापुराण कथा स्थल का निरीक्षण आयोजन समिति के अध्यक्ष उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह के साथ किया गया है। निगम आयुक्त द्वारा पूरे स्थल का भ्रमण कर कथा स्थल एवं आसपास आवश्यक साफ सफाई, पेयजल, पानी निकासी, शौचालय एवं अन्य व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया है। भ्रमण के दौरान जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे, आयोजन समिति के सदस्य गण एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



- आयुक्त राजीव पांडेय ने शिवमहापुराण कथा स्थल का किया निरीक्षण

निगम आयुक्त द्वारा खमरिया स्थित सूर्य विहार के पीछे प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित मकानों में मूलभूत सुविधाओं का सहायक अभियंता दीपक देवांगन के साथ निरीक्षण कर रहवासियों से जानकारी प्राप्त किया गया है। सभी निवासरत संतुष्ट हैं उपस्थित रहवासियों के साथ सभी श्रमदान कर आगामी शनिवार को वृक्षारोपण हेतु तिथि तय किया गया है।







हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के संचालक व
भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष
इंद्रजीत सिंह (छोटू) को
जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विनोद सिंह
मलकीत सिंह
जसवंत सिंह
पंकज सिंह
संदीप सिंह
रामतापस्या सिंह
भूपेन्द्र यादव
विवेक जग्गी
सुमीत अग्रवाल
अनुराग जैन
सोम सिंह
सनत मौर्य
हरप्रित सिंह
राजकुमार आदर्श
विनीत :- अडानी ग्रूप सीमेंट प्लांट ऑथोराईज्ड ट्रांसपोर्टर जामुल, भिलाई